Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 222 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जो नमता है, वहीं परमात्मा को जमता है।

One, who bows, is liked by the amity.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : दूसरे चरण में 43 विकासखंड में हुआ मतदान

**दूसरे चरण में जिला पंचायत सदस्य 699 कैंडिडेट्स के लिए हुआ चुनाव**

### पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भी किया मतदान

### बारात निकलने से पहले दूल्हे ने डाला वोट

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए दूसरे चरण के लिए मतदान हुआ। दूसरे चरण में 43 विकासखंड में मतदान हुए। मतदान के बाद आज ही मतदान केन्द्रों में मतगणना की गई। पाटन के कुरुदडीह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मतदान डालने पहुंचे थे। फरसागुड़ा में मंत्री केदार कश्यप ने मतदान किया। बारात निकलने से पहले पेंड्रा के सकोला स्थित मतदान केंद्र में पहुंचकर ऋषभ श्रीवास्तव ने मतदान किया। भाजपा की जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव ने गृह ग्राम भंडारपुर मतदान केंद्र पहुंचकर मतदान किया। नारायणपुर के फारसागुड़ा में मंत्री केदार कश्यप ने भी मतदान किया है। इसके अलावा पेंड्रा में बारात निकलने से पहले पोलिंग बूथ पहुंचकर दूल्हे ने भी वोट डाला। पेंड्रा में वोटिंग के बाद मतदाताओं को अधिकारियों ने पौधा भेंट किया।

**दूसरे चरण में जिला पंचायत के 699 कैंडिडेट्स :** दूसरे चरण में 26 हजार 988 पंच पद, 3 हजार 774 सरपंच पद, 899 जनपद सदस्य और 138 जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव हुआ है। इसके लिए 9 हजार 738 मतदान केन्द्र बनाए गए थे। वहीं पंच के 65 हजार 716, सरपंच के 15 हजार 217, जनपद सदस्य के 3 हजार 885 और जिला पंचायत सदस्य के लिए 699 कैंडिडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। 46 लाख 83 हजार से अधिक मतदाता प्रत्याशियों का फैसला करेंगे। इनमें 23 लाख 17 हजार 492 पुरुष, 23 लाख 66 हजार 157 महिला और 87 अन्य वोटर्स है।

पेंड्रा में पंचायत चुनाव में दूसरे चरण के लिए मतदान के लिए पोलिंग बूथों के बाहर सेल्फी जोन भी बनाया गया था। वोटिंग के बाद लोग सेल्फी भी रहे थे। पेंड्रा जनपद में वोटिंग के बाद वोटर्स को RO, ARO ने पौधा देकर सम्मानित किया।



**केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने परिवार सहित मतदान किया**

**लोरमी (विश्व परिवार)।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दूसरे चरण का आज मतदान संपन्न हुआ. इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू भी अपने गृह ग्राम डिंडोरी में परिवार सहित मतदान करते हुए लोकतंत्र के महापर्व का हिस्सा बने। लोरमी इलाके में पांच जिला पंचायत सदस्य 25 जनपद सदस्य सहित 147 सरपंचों के लिए आज मतदान हुआ. मतदान के लिए 439 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां पर सुबह 7 से ग्रामीणों मतदाताओं की कतार लगनी शुरू हो गई थी. दोपहर 3 बजे मतदान समाप्ति के बाद अब शाम तक मतगणना होना है।

### बालोद में हुई फिर से वोटिंग

बालोद जिले के डौंडीलोहारा के सुरेगांव ग्राम पंचायत के वार्ड क्र.-8 में चुनाव चिन्ह गलत तरीके से बांटे गए थे। यहां आज दोबारा मतदान हुआ। 2 प्रत्याशियों को गलत चिन्ह आवंटित होने के कारण उनके चिन्ह बैलेट पेपर पर छप गए। इसके कारण 17 फरवरी को होने वाला मतदान रद्द कर दिया गया था।

दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड में मतदान को लेकर दिव्यांगों में भी उत्साह देखा गया। सुबह वोटिंग करने व्हीलचेयर से पोलिंग बूथ पहुंची दिव्यांग महिला। मतदान को लेकर बुजुर्गों में भी उत्साह देखा गया। सुबह से बुजुर्ग मतदान के लिए पोलिंग बूथ पहुंचे गए थे।

**इन जगहों पर हुई वोटिंग :** जिला कोरबा के विकासखंड पोड़ी-उपरोड़ा, जिला रायगढ़ के विकासखंड खरसिया और धरमजयगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के विकासखंड बिलाईगढ़, मुंगेली के लोरमी विकासखंड, जांजगीर-चांपा के नवागढ़ विकासखंड, सक्ती के मालखरौदा विकासखंड, जिला सूरजपुर के विकासखंड रामानुजनगर और प्रेमनगर, जिला बलरामपुर के विकासखंड बलरामपुर, जिला सरगुजा के विकासखंड सीतापुर और मैनपाट, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के विकासखंड मनेन्द्रगढ़, जिला जशपुर के विकासखंड जशपुर, मनोरा, दुलदुला और कुनकुरी, जिला रायपुर के विकासखंड धरसींवा और तिल्दा नेवरा, जिला बलौदाबाजार के विकासखंड कसडोल, जिला गरियाबंद के विकासखंड छुरा, जिला महासमुंद के विकासखंड पिथौरा और बागबहरा, जिला धमतरी के विकासखंड कुरूद, जिला दुर्ग के विकासखंड पाटन, जिला बालोद के विकासखंड बालोद, जिला राजनांदगांव के विकासखंड छुरिया, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के विकासखंड खैरागढ़, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकासखंड मोहला, जिला कबीरधाम के विकासखंड बोड़ला और पंडरिया आदि जगहों पर वोटिंग हुई।

## रेखा गुप्ता ने दिल्ली की नई मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ ली, प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्री बने





**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 15 साल के लंबे इंतजार के बाद आज दिल्ली में एकबार फिर बीजेपी सरकार बन गई है। पहली बार विधायक बनीं रेखा गुप्ता ने दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। रामलीला मैदान में उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने शपथ दिलाई। उन्हें कल बीजेपी विधायक दल का नेता चुना गया था। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा सभी प्रमुख केंद्रीय मंत्री और पार्टी के सभी सीनियर नेता और पदाधिकारी भी शामिल हुए। भाजपा के रविन्द्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह, प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में मंत्री पद की शपथ ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगी और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत शपथ ग्रहण समारोह के लिए शहर के मध्य, उत्तर और नयी दिल्ली क्षेत्रों में 25,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात रहे।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए तीन अलग-अलग मंच तैयार किए गए। मुख्य मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल वीके सक्सेना, मनोनीत मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद के सहयोगी सदस्य, और एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी उपस्थित रहे। दूसरे मंच पर धर्मगुरुओं और विशिष्ट अतिथि मौजूद थे, जबकि तीसरे मंच पर संगीत कार्यक्रम से जुड़े कलाकार मौजूद थे।

### रेखा बोलीं- मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी

शपथ से पहले रेखा गुप्ता ने गुरुवार सुबह मीडिया से बातचीत में कहा, 'यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मुझ पर भरोसा जताने के लिए मैं पीएम मोदी और पार्टी हाईकमान का शुक्रिया अदा करती हूं। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दिल्ली की सीएम बनूंगी। मैं शीशमहल में नहीं रहूंगी।'

बता दें कि बुधवार शाम विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को सीएम चुना गया था। सीएम चुने जाने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने जो दिल्ली की जनता के लिए विजन दिया है, उसे पूरा करना मेरी प्राथमिकता होगी। पीएम मोदी का तहे दिल से आभार जताना चाहती हूं कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि यह देश की हर मां-बेटी का सम्मान है। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने आप की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया था। गत 8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे आए थे। भाजपा को 26 साल बाद ऐतिहासिक जीत मिली थी। उसने 70 में से 48 सीटें जीतीं, जबकि आम आदमी पार्टी 22 पर सिमट गई।

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) की पूर्व अध्यक्ष और पहली बार विधायक निर्वाचित रेखा गुप्ता बृहस्पतिवार को दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री बन गईं। वह मदन लाल खुराना, साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज के बाद दिल्ली में भाजपा की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। इसके साथ ही वह, वर्तमान में भाजपा शासित किसी भी राज्य में एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी बन गई हैं। रेखा गुप्ता दिल्ली की शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने 'आप' की बंदना कुमारी को 29,595 मतों के अंतर से हराया था।

सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली में मुख्यमंत्री पद संभालने वाली चौथी महिला हैं। उनका नाम पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री पद के पांच शीर्ष दावेदारों में लिया जा रहा था और आखिरकार पार्टी नेतृत्व ने उन्हें दिल्ली की कमान सौंपने का फैसला किया। -**कमल नयन नारंग**

### मुख्यमंत्री साय ने नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दी बधाई



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रेखा गुप्ता को नई दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ की जनता की ओर से बधाई दी हैं. साथ उन्होंने उम्मीद जताई कि वे दिल्ली के विकास और सुशासन को नई दिशा देंगी। बता दें कि भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद रेखा गुप्ता ने राम लीला मैदान में दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली हैं. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित एनडीए शासित तमाम प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कॉर्पियो-रोडवेज बस की भिड़ंत में दो श्रद्धालुओं की हुई मौत, कई घायल

**मीरजापुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हुआ है जिसमें दो श्रद्धालुओं की जान चली गई है, जबकि कई घायल होने बताई जा रहे हैं। घायलों में एक को बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। यह हादसा रोडवेज बस और स्कॉर्पियो की भिड़ंत के दौरान हुआ है। सभी श्रद्धालु बिहार से महाकुंभ (प्रयागराज) जा रहे थे तभी यह हादसा मिर्जापुर जिले के विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सेमरी गांव के समीप हुआ है। जानकारी के मुताबिक बिहार के सहरसा से स्कॉर्पियो, टोयोटा एवं एक बस में सवार होकर श्रद्धालु उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित महाकुंभ संगम स्नान के लिए निकले थे।

### महाराष्ट्र : पुणे में जीबीएस से दहशत, 11 ने तोड़ा दम

**पुणे (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पुणे में गुइलेन-बैरे सिंड्रोम के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। अब तक 183 मरीजों में जीबीएस का उपचार किया गया है, जबकि 28 मामले संदिग्ध जीबीएस के हैं। इस बीमारी के कारण कुल 11 मौतें हो चुकी हैं, जिनमें से 4 मौतों की वजह जीबीएस को बताया जा रहा है, जबकि 7 मौतें संदिग्ध हैं। इन मरीजों में से 42 मरीज पुणे नगर निगम, 94 मरीज पुणे नगर निगम क्षेत्र के, 32 मरीज पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम, 33 मरीज पुणे ग्रामीण क्षेत्र और 10 अन्य जिलों से हैं।

### मुंबई क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई, 10 करोड़ की कीमत के ड्रग्स जब्त

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई क्राइम ब्रांच की यूनिट 9 ने दादर इलाके के एक गेस्टहाउस पर छापेमारी करते हुए 5 किलो एमडी ड्रग्स जब्त किया। इन ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## महाकुंभ में संगम से 10 किमी तक भीड़, शहर में गाड़ियों की एंट्री नहीं



**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ का आज 39वां दिन है। सुबह से ही संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं।

दोपहर 2 बजे तक 85 लाख 73 हजार श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है।

मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। प्रशासन का अनुमान है कि कल यानी शुक्रवार से महाकुंभ में भीड़ बढ़ेगी। क्योंकि, यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा

भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। इस संबंध में 20 फरवरी को आदेश जारी किया गया है। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं।

### जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों को जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी ने सौंपे प्रमाण पत्र

**रायपुर (विसं)।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत सदस्य हेतु नवनिर्वाचित प्रत्याशियों को आज दोपहर जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री विश्वदीप द्वारा विजयी की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा गया। जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 08 से पूजा लोकमणी कोशले क्षेत्र क्रमांक 09 से अन्नू तारक, क्रमांक 10 से चंद्रकला रामचंद्र ध्रुव, क्रमांक 11 से यशवंत धनेंद्र साहू, क्रमांक 12 से भीनू सुजीत घिदौड़े, क्रमांक 13 से कविता हेमंत कश्यप और क्रमांक 16 से गुरू सौरभ साहेब को विजयी होने का प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे, सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्री यूएस अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## यूपी बजट : अयोध्या, मथुरा के विकास के लिए योगी सरकार ने खोला खजाना



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व चल रही सरकार में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 2025-26 के पेश किए गए बजट में पर्यटन में उत्तर प्रदेश को मिल रही ऊंचाइयों से सदन को अवगत कराया। साथ ही धर्मार्थ कार्यों को लेकर सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 के बीच उत्तर प्रदेश में कुल 65 करोड़ से अधिक पर्यटक आये। इनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख है। वित्त मंत्री ने सदन को बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों के विकास योजना के लिए 400 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। अयोध्या क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिये 150 करोड़ रुपये, मथुरा में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 125 करोड़ रुपये तथा नैमिषारण्य में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। प्रदेश के प्रमुख राज्य/राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर्यटकों की सुविधा हेतु वे-साईड एमेनिटीज के निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं चित्रकूट क्षेत्र में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं के विकास हेतु 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

धर्मार्थ कार्यों के लिए सतत प्रयत्नशील योगी सरकार ने श्री बांके बिहारी जी महाराज मन्दिर मथुरा-वृन्दावन कॉरिडोर के निर्माण हेतु भूमिक्रय के लिए 100 करोड़ रुपये तथा निर्माण हेतु 50 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान प्रस्तावित किया है। जनपद मीरजापुर के त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विन्ध्यवासिनी मन्दिर, मां अष्टभुजा मन्दिर, मां काली खोह मन्दिर के परिक्रमा पथ एवं जनसुविधा स्थलों को विकसित किये जाने के लिए भूमि क्रय हेतु 100 करोड़ रुपये तथा वृहद निर्माण हेतु 100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

## छत्तीसगढ़ के एनजीओ को यूएसएआईडी के जरिए मिली मदद का इस्तेमाल धर्मान्तरण के लिए : सीएम विष्णूदेव साय

**रायपुर (आरएनएस)** अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही सबसे पहला काम यूएसएआईडी को बंद करने का फैसला लिया। जिसके बाद अमेरिकी करदाताओं की रकम का किस तरह से मनमाने तरीके से इस्तेमाल किया गया, इसका खुलासा हो रहा है। छत्तीसगढ़ का भी नाता अब इस विवाद से जुड़ गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के एनजीओ को यूएसएआईडी के जरिए मिली मदद का इस्तेमाल धर्मान्तरण के लिए करने का आरोप लगाया है।


एक राष्ट्रीय न्यूज चैनल से बातचीत में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारा देश धर्मनिरपेक्ष देश है, व्यक्ति स्वेच्छा से कोई भी धर्म मान सकता है, लेकिन आज कहीं अशिक्षा का, कहीं गरीबी, तो कहीं चंगाई का, तो कहीं लोक-परलोक के माध्यम से किसी को जबर्दस्ती धर्म परिवर्तन कराते हैं, जो कतई उचित नहीं है, ये बिल्कुल नहीं होना चाहिए। लेकिन आज कई एजेंसियां इस तरह का काम कर रही हैं, जो हेल्थ-एजुकेशन के नाम पर पैसा विदेशों से प्राप्त करते हैं, लेकिन उसकी आड़ में यहां पर लोगों के बीच भ्रम फैलाकर, प्रलोभन देकर, चंगाई के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराते हैं, जो कतई उचित नहीं है। इसकी सही-सही जांच होनी चाहिए, कि जिस मकसद के लिए इन एनजीओ को रकम दी जा रही है, उसके लिए रकम का इस्तेमाल हो रहा है कि नहीं।

## पंचायत चुनाव के बीच नक्सलियों ने फैलाया खौफ, पुलिस मुखबिरी के शक में शिक्षक समेत दो ग्रामीणों की हत्या

**बीजापुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में इस समय त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव हो रहे हैं। इस चुनाव में वोटिंग को प्रभावित करने के लिए नक्सलियों ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। दंतेवाड़ा जिले में संदिग्ध नक्सलियों ने एक स्थानीय शिक्षक समेत दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। घटना के बाद से ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया है। मामला बीजापुर और दंतेवाड़ा के बॉर्डर पर स्थित बारसूर थाना क्षेत्र का है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के बारसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़मा गांव में संदिग्ध नक्सलियों ने बामन कश्यप (29) और अनीस राम पोयाम (38) की हत्या कर दी। बुधवार रात नक्सलियों का एक दल दंतेवाड़ा बीजापुर जिले की सीमा पर बसे गांव तोड़मा में प्राथमिक शाला के शिक्षादूत (स्थानीय शिक्षक) बामन कश्यप और ग्रामीण अनीस राम के घर पहुंचा और दोनों को अपने साथ जंगल की ओर ले गया।

अधिकारियों ने बताया कि बाद में नक्सलियों ने दोनों की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को गांव के करीब फेंक दिया। पूर्वी बस्तर डिवीजन नक्सली कमेटी ने वारदात की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने दोनों ग्रामीणों पर पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को गांव के लिए रवाना किया गया। पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। इसके साथ ही नक्सलियों का छोड़ा लेटर भी बरामद किया है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र में अक्सर नक्सली पुलिस का मुखबिर होने का आरोप लगाकर ग्रामीणों की हत्या कर देते हैं। इससे पहले दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने चार फरवरी को पुलिस का मुखबिर होने के संदेह में 30 वर्षीय व्यक्ति की हत्या कर दी थी। वहीं, तीन फरवरी की रात में नक्सलियों ने पड़ोसी बीजापुर जिले में दो लोगों की हत्या कर दी थी। इनमें से एक उनका पूर्व सहयोगी था।

### पुलिस मुखबिर का आरोप लगाकर हत्या

इसके पहले नक्सलियों ने 26 जनवरी को बीजापुर के भैरमगढ़ इलाके में भी एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। उस पर प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) के बारे में सूचना देने का आरोप लगाया गया था। 16 जनवरी को बीजापुर के मिरतुर इलाके में भी ऐसी ही वारदात सामने आई थी। पुलिस के अनुसार, दंतेवाड़ा सहित सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में नक्सली हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में पिछले साल 68 नागरिक मारे गए थे।

## यूएसएआईडी फंडिंग को लेकर ट्रंप ने उठाए सवाल, बोले- 'क्या बाइडन नहीं चाहते थे भारत में बने मोदी सरकार



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए सहायता राशि देने पर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने कहा कि तत्कालीन बाइडन सरकार गलत कदम उठा रही थी और उसकी मंशा भी कुछ और लग रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि बाइडन द्वारा भारत को वोटिंग बढ़ाने के लिए 182 करोड़ के लगभग (21 मिलियन डॉलर) देना एक सवाल खड़ा करता है कि क्या वो किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे।

ट्रंप ने कहा, हमें भारत में वोटिंग बढ़ाने पर 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे किसी और को निर्वाचित कराने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारत सरकार को बताना होगाज् यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है। ट्रंप की यह टिप्पणी अरबपति एलन मस्क के नेतृत्व वाले अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (DOGE) द्वारा यह खुलासा किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग को बढ़ावा देने के लिए 21 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है। बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद 'कार्य दक्षता' एजेंसी छ्ह्लश्च बनाई थी। छ्ह्लश्च ने 16 फरवरी को उन चीजों की सूची बनाई जिन पर अमेरिकी करदाताओं के पैसे खर्च होते थे और सूची में भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन अमेरिकी डॉलर देना शामिल था। छ्ह्लश्च ने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त राशि निर्धारित की गई थी। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाने में अमेरिकी 'डीप स्टेट' की संलिप्तता के आरोपों के बीच राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गोकुल नगर में रिक्त 42 भूखंडों की लाटरी निकाली गई, डेयरी व्यवसायियों को किया गया आबंटन



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर गोकुल नगर में व्यवस्थापन के लिए निगम प्रशासन डेयरी संचालकों को गोकुल नगर में रिक्त 42 भूखंडों के लिए लॉटरी निकाली गई. निगम के द्वारा 71 डेयरी व्यवसायियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था।जिला शहरी विकास अभिकरण दुर्ग द्वारा अनुमोदित सूचि की लाटरी निकाली गयी है. गोकुल नगर पुलगांव में डेयरी व्यवसायियों के लिए 80 भूखंड उपलब्ध है. जिसमे 38 भूखंड पूर्व में आबंटित है. शेष 42 भूखंडों के लिए लाटरी निकाली जाकर डेयरी व्यवसायियों को आबंटन की प्रक्रिया सम्पन्न की गई.लाटरी निकाले जाने के दौरान बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, शशिकांत यादव, विजयेंद्र पटेल एवं निगम क्षेत्र के डेयरी व्यवसायी उपस्थित थे।शहर के रिहायशी इलाकों में संचालित डेयरियों को स्वास्थ्य व सुरक्षा की दृष्टिकोण से बाहरी क्षेत्रों में शिफ्ट करने की मांग शहरवासी लंबे समय से कर रहे हैं।निगम व जिला प्रशासन ने इसके लिए समय-समय पर योजना बनाई।

### कलेक्टर ने की प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत प्रगतिरत आवासों की समीक्षा

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार को सीईओ जनपद पंचायत एवं आवास मित्रो की ऑनलाइन बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत प्रगतिरत आवासों की समीक्षा। उन्होंने स्वीकृत सभी आवासों का गुणवात्तपूर्ण निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही आवास मित्रों के कार्यो पर कड़ी निगरानी के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने आवास का निर्माण द्वितीय किश्त की राशि जारी होने योग्य पूर्ण कर लिया है उन्हें तत्काल राशि जारी किया जाए। इसीतरह तृतीय किश्त की राशि भी जारी करें। उन्होंने 3055 आवास जिनके छत पूर्ण हो गए हैं उन्हें 10 मार्च तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रगतिरत आवासों की जिला स्तर प्रगति सूची तैयार करने तथा बेहतर कार्य करने वाले आवास मित्रों को सम्मानित करने कहा। बताया गया कि जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2024 -25 में कुल 23242 आवास स्वीकृत हैं जिनमे से 5124 आवास पूर्ण हो गए हैं। वहीं 22408 हितग्राहियों को प्रथम किश्त, 16366 हितग्राहियों को द्वितीय किश्त एवं 2861 हितग्राहियों को तृतीय किश्त की राशि जारी हुई है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : हल्दी लगे हाथों के साथ सगी बहनों ने निभाया कर्त्तव्य, गृहस्थ जीवन में प्रवेश से पहले किया मतदान

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। कुछ ऐसा ही नजारा बाजार चौक कटगी स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला (मतदान केंद्र क्रमांक 78) में देखने को मिला, जब सगी बहनें रमा और प्रभा देवांगन ने हल्दी और मेहंदी लगे हाथों के साथ मतदान केंद्र पहुंचकर अपने मताधिकार का उपयोग किया।



इसी तरह कसडोल के समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद में हरिशंकर देवांगन पिता रामनारायण देवांगन के ने पहले अपना मतदान किया उसके बाद अपनी बारात के लिए रवाना हुआ। बड़ी बहन रमा देवांगन जल्द ही शादी के बाद भटगांव जा रही हैं वहीं छोटी बहन प्रभा देवांगन ग्राम पीसीद में अपना नया जीवन शुरू करने वाली हैं। अपने दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने से पहले, दोनों बहनों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी को प्राथमिकता दी और मतदान करने पहुंचीं। मतदान करने के बाद दोनों बहनों के चेहरे पर उत्साह और गर्व झलक रहा था।

उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है। देश के भविष्य के लिए हर नागरिक को अपने मत का उपयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

## छोटे कद-काठी पर लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ बड़ी

**मतदान के प्रति उत्साहित मतदाता कुमारी सुशीला बाई ने किया मतदान**



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** लोकतंत्र के महापर्व में जिले के मतदाता पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग ले रहे हैं। इसी कड़ी में विकासखंड कसडोल के ग्राम पीसीद की जागरूक मतदाता कुमारी सुशीला बाई ने आज अपने मताधिकार का प्रयोग किया। छोटे कद-काठी की यह कलाकार बड़े हौसले और देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हैं। उन्होंने मतदान केंद्र पीसीद पहुंचकर खुशी-खुशी मतदान किया और सभी नागरिकों से अपील की, कि वे भी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, जिससे वे अत्यंत प्रसन्न दिखीं। कुमारी सुशीला बाई का यह उत्साह दर्शाता है कि देश की जनता अब अपने अधिकारों और कर्तव्यों को लेकर पहले से अधिक जागरूक हो रही है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं का योगदान आवश्यक है, और इस दिशा में कुमारी सुशीला बाई जैसे जागरूक नागरिक समाज के लिए प्रेरणा हैं।

# 13 पीओएस एजेंट गिरफ्तार, म्यूल बैंक अकाउंट के लिए फर्जी सिम बेचने का आरोप

**रायपुर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत कार्रवाई की**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सायबर क्राइम करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस लगातार एक्शन ले रही है. इसी कड़ी में रायपुर रेंज के साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की अंजाम दिया है. पुलिस ने म्यूल बैंक अकाउंट के लिए फर्जी सिम कार्ड बेचने वाले 13 पीओएस एजेंट को गिरफ्तार किया. पुलिस की ये पूरी कार्रवाई ऑपरेशन साइबर शील्ड के तहत की गई.



ऑपरेशन साइबर शील्ड- अब तक पुलिस ने इस मामले में 98 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए लोगों पर आरोप है कि इनके द्वारा जारी सिम यूनाइटेड अरब, अमीरात, श्रीलंका नेपाल म्यांमार में इस्तेमाल हो रहे हैं. पुलिस को इस बात की सूचना जांच के दौरान मिली. अपराध मैं उपयोग किए गए 7063 सिम कार्ड 590 मोबाइल फोनों की पहचान की जा चुकी है. आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है. आगे की जांच रेंज साइबर थाना रायपुर की ओर से की जा रही है.

ऐसे किया फर्जीवाड़ा- ऐसे मामलों में साइबर अपराध और अपराधियों के खिलाफ %%ऑपरेशन साइबर शील्ड%% चलाया जा रहा है, दोषियों की गिरफ्तारी भी की जा रही है. अब तक ऐसे 98 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है. आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में बताया है कि नया सिम लेने और सिम पोर्ट कराने में कस्टमर का डबल थंब स्कैन, आई ब्लिंक कर ई केवाईसी के माध्यम से अतिरिक्त सिम चालू करते थे.

धोखाधड़ी में शामिल हैं कई जिलों के लोग- पकड़े गए आरोपियों में कुलवंत सिंह छाबड़ा और हेमंत साहू राजनांदगांव जिले के रहने वाले हैं. अजय मोटघरे भी राजनांदगांव का रहने वाला है. ओम आर्य मुंगेली, चंद्रशेखर साहू रायपुर, पुरुषोत्तम देवांगन दुर्ग, रवि कुमार साहू दुर्ग, रोशन लाल देवांगन दुर्ग, शुभम सोनी दुर्ग का रहने वाला शामिल है. आरोपियों में के. वंशी दुर्ग, त्रिभुवन सिंह सुपेला, अमर राज केसरी भिलाई और विक्की देवांगन पोलसाय दुर्ग का रहने वाला शामिल है.

# यलो स्पाट क्षेत्र मे शौच एवं पेशाब करते पाये जाने वालो पर निगम करेगी कार्यवाही

**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** पूरे भारत देश में स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने आने वाली है। उनके द्वारा स्वच्छता रैकिंग का मानिटरिंग कर बेस्ट स्वच्छता राज्य का अवार्ड दिया जायेगा। जिसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र में प्रतिदिन साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ-साथ मुख्य कार्यालय एवं जोन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी प्रतिदिन अपने-अपने क्षेत्रों में सुबह जाकर साफ-सफाई को व्यवस्थित करने का कार्य कर रही है। जिससे भिलाई शहर को नम्बर 1 स्वच्छ शहर का अवार्ड मिल सके।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर सभी अधिकारी फिल्ड में जाकर सौंपे गये दायित्वो का निर्वहन कर रहे है। जिसमें सड़क, रोड़, तालाब, उद्यान, शौचालय एवं डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण इत्यादि कार्य शामिल है। साथ ही दिवालो पर वाल पेटिंग के माध्यम से शहर को स्वच्छ रखने नागरिको में




जागरूकता लाया जा रहा है। दिवालो पर अलग-अलग प्रोत्साहित नारे भी लिखवाया गया है, जिससे नागरिक वहां कचरा न फेकें। नागरिक कही भी इधर-उधर खुले में कचरा फेंक देते है। उनको समझाइस दी जा रही है, कि गीला एवं सूखा कचरा सफाई कर्मचारी को डब्बे में डालकर दे। आयुक्त के निर्देश पर रेड एवं यलो स्पाट को मार्किंग कराया जा रहा है एवं उसमें सूचना भी लिखा जा रहा है कि यलो स्पाट पर शौच एवं पेशाब करते पाये जाने वालो पर नियमानुसार जुर्माने की कार्यवाही भी की जावेगी।

# शपथ से पहले नव निर्वाचित महापौर ने आयुक्त व जनप्रतिनिधियों के साथ मार्केट क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

**स्वच्छ सुंदर शहर बनाने के लिए करें कार्यः महापौर अलका बाघमार**

**महापौर ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र में तीन घंटे घूमकर देखी सफाई सहित अन्य व्यवस्था, लोगो से रूबरू होकर जाना उनकी समस्या**



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत प्रातः 7 बजे शपथ से पहले सफाई कार्य का आकस्मिक निरीक्षण आज गुरुवार को नवनिर्वाचित महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने कमिश्नर सुमित अग्रवाल, जनप्रतिनिधियों व अधिकारी के साथ इंदिरा मार्केट में सफाई व्यवस्था को लेकर करीब 3 घंटे पैदल घूमकर जायजा लिया।उन्होंने इदिरा मार्केट पार्किंग से होते हुए मान होटल लाइन, जवाहर चौक पांच कंडील, हटरी बाजार, शनिचरी बाजार से होकर इदिरा मार्केट सब्जी बाजार के अलावा प्रेस काम्प्लेक्स क्षेत्र का निरीक्षण किया.

महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने शनिचरी बाजार में कहा कि सार्वजनिक मूत्रालय को व्यवस्थित करने के साथ साथ नियमित साफ सफाई करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से स्वच्छ सुंदर नगर निगम बनाने के लिए कार्य करने कहा।उन्होंने नगर में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाने और अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शहर को सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने निरीक्षण के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने घर व दुकानों से निकलने वाले कचरे यहां-वहां ना डालते हुए गीले एवं सूखे कचरे का स्त्रोत पर ही पृथक्कीकरण कर निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक-पृथक भागों में डाले। उन्होने कहा कि स्वच्छता हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे भी स्वच्छता में अपना अमूल्य योगदान देवें।महापौर श्रीमती अलका बाघमार व आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों व नागरिको के साथ स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के तहत दिलाई गई स्वच्छता की शपथ।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**
क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-150-24-25, दि. 11-02-2025
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न ट्रैक कार्य टी.आर.आर., टी.टी.आर., टी.एफ.आर., एसईजे, ग्लूइड ज्वाँट आदि का निष्पादन। निविदा मूल्य: 2,00,01,843,37, अमानत राशि: ₹ 2,50,1000.00/- ।
क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-155-24-25, दि. 11-02-2025
कार्य : वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सलकारोड से बेलगहना के बीच बी. के. 24, 25, और घुटकू से कलमीटार के बीच बी. के. 12, जमाव को रोकने के लिये होल्स की ग्राउटिंग, सबवे से निकास और प्रवेश द्वार पर हम्फ, एप्रोच रोड, कवर शेड, इत्यादि का प्रावधान । निविदा मूल्य: 4,67,44,045.67, अमानत राशि: ₹ 3,83,700.00।
कार्य पूर्णता की अवधि: 12 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 03-03-2025 के 11.00 बजे से, निविदा जमा की अंतिम तिथि: 17-03-2025 के 11.00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/FL/494 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**
क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-151-24-25, दिनांकः 08.02.2025
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एमडीजेडटीआई बिलासपुर के प्रशासनिक भवन और छात्रावास का विस्तार। निविदा मूल्य (रू.): 3,72,39,527.55/-, अमानत राशि (रू.): 3,36,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।
क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-152-24-25, दिनांकः 08.02.2025
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर और सीवरेज प्रणाली में सुधार का कार्य। निविदा मूल्य (रू.): 2,72,58,407.10/-, अमानत राशि (रू.): 2,86,300/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।
क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-153-24-25, दिनांकः 08.02.2025
कार्यः कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेटलमेंट/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कोचिंग डिपो में बुनियादी ढांचे का उन्नयन। निविदा मूल्य (रू.): 1,61,44,052.86/-, अमानत राशि (रू.): 2,30,700.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथिः दिनांक 24.02.2025 से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः दिनांक 10.03.2025 के 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/496 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**विविध कार्य हेतु निविदा सूचना**
क्र.सं. (1) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-138-24-25, दि. 07-02-2025
कार्य : बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल, अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आरडीएसओ द्वारा अनुमोदित एल्युमिनो थर्मिक वेल्डिंग द्वारा वेल्डिंग भाग और रेल जोड़ों की वेल्डिंग के साथ पर्यवेक्षण, उपकरण और संयत्र तथा उपभोग्य सामग्रियों आदि की आपूर्ति।
निविदा मूल्यः ₹1,63,93,829.10/-, अमानत राशिः ₹2,32,000.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 12 माह।
क्र.सं. (2) ई-निविदा सं. डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी-149-24-25, दि. 07-02-2025
कार्य : बिलासपुर संभाग के वरिष्ठ मंडल, अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत LiDAR (लाइट डिटेक्शन एंड रेंजिंग) तकनीक का उपयोग करके स्टेशन यार्ड और ब्लॉक सेक्शन का ग्रेडिएंट सत्यापन। निविदा मूल्यः ₹44,07,642.00/-, अमानत राशिः ₹88,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 06 माह।
निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 24-02-2025 से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः 10-03-2025 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
CPR/10/FL/483 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION Co.Ltd.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820
O/o Executive Director (Sub-station), Raipur Address-Shed No.-04, Danganiya, Raipur-492013
Website-www.cspc.co.in, E-Mail-CE.TnC@cspc.co.in, Phone-0771-2574256, Fax No.-0771-2574267
No. 02-07/Tender/P-1890/2177 Raipur, Dtd. 19.02.2025
**NOTICE INVITING TENDER (Through E-bidding module of SAP-SRM)**
Sealed tenders are invited from experienced eligible bidders for following work on labour contract basis :-

| S. No. | Particulars of works | Qty. | EMD (Rs.) | Last date/ time for submission of tender |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Awarding labour contract for painting of structures (weight 1894.68 MT) at various EHV S/s under SE(S/s) Circle, CSPTCL Raipur | 1894.68 MT | 22,000/- | 18/03/2025 14:00 Hrs. |

NOTE :- (I) Other terms & condition details etc. regarding tender can be seen on our website www.cspc.co.in
Executive Director (Sub-Station) CSPTCL : Raipur (C.G.)
SAVE ELECTRICITY
SAMVAD- 42957/ 3

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
नगर निगम मुख्यालय गांधी मैदान को पास रायपुर (छ.ग.),
फोन 0771-2535780, 90 फैक्स - 0771-2227395 ई-मेल - sbmrmc2023@gmail.com
क्रमांक - 691/SBM / नपानि/2024-25 रायपुर, दिनांक 19/02/2025
**रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**
नगर पालिक निगम, रायपुर सीमा क्षेत्र में स्थित 02 शौचालय (पारस नगर एवं बांसटाल स्थित शौचालय) के संचालन एवं संधारण कार्य आमजन हेतु निशुल्क आधार पर इच्छुक व्यक्ति/एजेंसी/फर्म/कंपनी से सीलबंद लिफाफे में **दिनांक 05/03/2025** सायं 5.00 बजे तक रूचि की अभिव्यक्ति के तहत आमंत्रण किया जा रहा है। संबंधित संस्थाएं अपनी दरें केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। इस कार्य में अनुभव रखने वाले एनजीओ/स्वसहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी तथा जिस एनजीओ/स्वसहायता समूह का दर न्यूनतम प्राप्त होगा उसे कार्य आबंटित किया जायेगा। इस हेतु विभाग द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र **दिनांक 28/02/2025** तक प्रति टॉयलेट हेतु राशि रु. 500/- के डिमांड ड्राफ्ट (वापसी योग्य नही), जो आयुक्त. नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से देय होगा, जमाकर मुख्यालय के स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त कर सकता है। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारियां कार्यालयीन समय पर स्वच्छ भारत मिशन शाखा से प्राप्त की जा सकती है।
घरो से निकलने वाले गिला एवं सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।
कार्यपालन अभियंता SBM
नगर निगम रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./16921/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 02-01-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 16921
वार्ड का नाम- 03 - संत कबीर दास वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 03 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR803G0467A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANISH BHUTADA पिता/पति, श्री/श्रीमती RAWAL MAL BHUTADA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती मोहिनी पटेल पिता/पति, श्री/श्रीमती भीमसन पटेल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./18350/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 20-02-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 18350
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR110B00455 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती P. APPA RAO पिता/पति, श्री/श्रीमती SURYANARAYANA RAO के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती M. SHRINIVASH RAO पिता/पति, श्री/श्रीमती M.KAMESHWAR RAO ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com
पत्र क्र./18351/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 20-02-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 18351
वार्ड का नाम- 18 - बालगंगाधर तिलक वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR110A00375 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती HIMACHAL LAOUTRE पिता / पति, श्री/श्रीमती LATE. KUNWAR SINGH LAOUTRE के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MANJULATA LAUTRE पिता/पति, श्री/श्रीमती HIMACHAL LAUTRE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 1 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com
पत्र क्र. /18295/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 19-02-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 18295
वार्ड का नाम- 69 - माधवराव सप्रे वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR568B00604 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SUDEEP GHOSH पिता/पति, श्री/श्रीमती LT.M.S GHOSH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती ABHISHEK AGRAWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती VIRENDRA AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 819 दिनांक 20.02.2025
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग पंजी क्र. 325 युआईडी 21622 अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती जी. रोडसिख / के. एल. रोअदूस्ख से दर्ज है, श्री/श्रीमती लॉरैने नायर / पी. एस. शशिधर अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 22-03-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 820 दिनांक 20.02.2025
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग पंजी क्र. 411 युआईडी 21708 अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती अविनाश बिल्डर्स / आनंद सिंघानिया से दर्ज है, श्री/श्रीमती सुधार तिवारी / जगदीश प्रकाश तिवारी अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 22-03-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com
-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-
नामांतरण प्रकरण क्र. 821 दिनांक 20.02.2025
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग पंजी क्र. 411 युआईडी 21708 अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती अविनाश बिल्डर्स / आनंद सिंघानिया से दर्ज है, श्री/श्रीमती प्रेमनाथ तिवारी / स्व. बाबु लाल तिवारी अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक 22-03-2025 तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।
राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com
पत्र क्र./17915/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2024
रायपुर, दिनांक 20-02-2025
**इश्तिहार**
नामांतरण प्र.क्र. 17915
वार्ड का नाम- 54 - कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 54 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR652O00402 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRITIMA VERMA पिता/पति, श्री/श्रीमती YASHWANT SINGH VERMA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती VARSHA AGRAWAL पिता/पति, श्री/श्रीमती AMIT AGRAWAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।
-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# केंद्र एवं राज्य मे सत्ता होने के बाद भी जिला पंचायती चुनाव में करारी हार से मायूस हुए भाजपाई

**गोपाल सिंह विद्रोही**



**सूरजपुर जिले ( दैनिक विश्व परिवार )**- कल हुए जिला पंचायती चुनाव के नतीजों ने भाजपा के नींव हिला दी है वही कांग्रेस के लिए शक्ति बुटीक का कार्य किया है ।

कल केआए नतीजों पर नजर डाले तो जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 भैया थान प्रथम से जिला पंचायत के सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह 13653 मत से विजई हुए दूसरे नंबर पर संदीप कुमार कुशवाहा 5962 मत प्राप्त किए जबकि तीसरे नंबर पर सीताराम भास्कर 5384 मत पा कर संतोष किया।

इसी प्रकार कांग्रेस का वरिष्ठ नेता रामचंद्र यादव का पुत्रनरेंद्र यादव 7499 मत पा कर विजय रहे तो वही अनूप सिंह को 6972 मतों संतोष करना पड़ा ।किरण सिंह के राम 7039 मत पाकर विजेता रही यहां उनके प्रतिद्वंदी कौशल्या सिंह ने 7037 मत पाकर जबरदस्त टक्कर दी, कालेश्वरी लखन करे 4090 मत पाकर गीता सुमन 3073 मत पराजित किया इसी तरह तुलसी चौधरी 2307 मत प्राप्त की इनके प्रतिद्वंदी शांति चौधरी 1296 मत पाकर संतोष किया। योगेश्वरी लक्ष्मण राजवाड़े 12242 प्राप्त कर अपनी प्रतिद्वंद्वी पुष्पा सिंह को परास्त किया पुष्पा सिंह को 9630 मत प्राप्त हुए ।अनुज कुमार राजवाडे 6772 मत प्राप्त कर विजेता रही जबकि गिरीश गुप्ता 67 40 अंक प्राप्त कर संतोष संतोष किया ।इस तरह जिला पंचायती चुनाव के प्रथम चरण में भारतीय जनता पार्टी को खासा नुकसान उठाना पड़ा ।भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को जिला पंचायत चुनाव लड़ने को पूरी छूट दे दी गई थी जोजहां चाहा वहां सभी ने चुनाव लड़ा और एक दूसरे से लड़ते रहे ,नतीजा यह रहा की प्रथम चरणके चुनाव में एक दूसरे को पटकनी देते रहे जिसका लाभ कांग्रेसियों ने लिया। बहरहाल आज कांग्रेस का जमीनी पकड़ रखने वाला अखिलेश प्रताप सिंह बाबा ने विजेता का प्रमाण पत्र लेने पहुंचे तो उन्हें स्वागत अभिनंदन करने में प्रेम नगर की पूर्व विधायक खेल से सिंह सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष गोयल ,नरेश राजवाड़े अपने सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे तो वही भाजपायों को खेमे में निराशा एवं उदासीपन का माहौल रहा ।यह अलग बात है कि सूरजपुर नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस विजई रही परंतु प्रतापपुर ,जरही, भटगांव ,प्रेम नगर ,बिश्रामपुर सभी नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा ने रणनीति के साथ चुनाव लड़ी और उन्हें विजय प्राप्त हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### छतीसगढ़ राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में सोमेश सिंह लामा बने स्टेट चैंपियन



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- रायगढ़ में चल रहे 23 वीं राज्यस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगातार 3 वर्ष भी सोमेश सिंह लामा ने अपना दबदबा कायम रखा। 40 वर्ष के आयु वर्ग में सोमेश सिंह लामा ने सिंगल्स में गोल्ड मिक्स डबल्स में गोल्ड एवं डबल्स में सिल्वर मेडल में अपना कब्जा जमाया । सिंगल्स में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल मैच में बिलासपुर के अमित कटालिया को 21-19, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई, सेमीफाइनल में रायगढ़ के एल्बिनस लकड़ा को 21-15, 21-13 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई, फाइनल मुकाबले में शानदार खेल दिखाते हुए सोमेश सिंह लामा ने कोरबा के ओम प्रकाश साहू को सीधे सेटो में 21-07, 21-15 हराकर तीसरी बार चैंपियन का खिताब अपने नाम किया एवं अब सोमेश सिंह लामा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधत्व गोवा में होने वाले राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025 में करेंगे। इनकी उपलब्धि से सूरजपुर बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष श्री अनिल गोयल एवं सचिव श्री संदीप अग्रवाल ने बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

### द्वितीय चरण के मतदान के दौरान कलेक्टर एवम पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान केंद्रों दौरा



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- आज त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत द्वितीय चरण के मतदान कार्यक्रम के तहत प्रेमनगर और रामानुजनगर विकासखंड क्षेत्र में मतदान किया जा रहा है। इस दौरान मतदान की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर श्री एस जयवर्धन एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत ठाकुर ने दोनों विकासखंड का द्वारा किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का जायजा लिया एवम दोनों विकासखंड के सभी मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करवाने के सख्त निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम रामानुजनगर श्री अजय मोरियम सहित विभिन्न अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे। कलेक्टर एवम एसपी ने अपने दौरे में मतदान केंद्र क्रमांक 72, पूर्व माध्यमिक शाला कंचनपुर , ग्राम पंचायत फुलकोना के प्रा शाला स्कूल मतदान क्रमांक 71, ब्रह्मपुर प्राथमिक शाला मतदान केंद्र 69 का दौरा किया। इस दौरान मतदान केंद्र में उन्होंने वरिष्ठ मतदाता सहित लाइन में लगे मतदाताओं से बातचीत किया। इसके अलावा उन्होंने उक्त विकासखंड के पंचवटी, छींदिया, नारायणपुर एवम भुवनेश्वरपुर के मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण कर मतदान प्रगति और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया । उन्होंने मतदान समाप्ति समय 03 बजे के पश्चात व्यवस्था अनुरूप लाइन में लगे लोगों टोकन बांटने एवम मुख्यद्वार बंद करने के निर्देश दिए। साथ सुरक्षा के पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों को कहा। इसके अलावा पुलिस पेट्रोलिंग टीम को भी शांति बनाए रखने के लिए अलर्टमोड में पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए।

### शराब बिक्री के लिए ले जाते एक कोचिया पकड़ाया

**बलौदाबाजार(विश्व परिवार)।** जिले की थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल के माध्यम से बिक्री करने के लिए अवैध रूप से शराब ले जाते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है तथा उसके कब्जे से 3300 कीमत मूल्य का 30 पाव देशी मसाला एवं प्लेन शराब जप्त किया गया है। बता दें कि आपरेशन विश्वास के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा शराब कोचियों की धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है।

# नवागढ़ जनपद पंचायत के 24 नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपे गए



**बेमेतरा(विश्व परिवार)।** जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में नवागढ़ जनपद पंचायत के 24 विजयी प्रत्याशियों को बीते बुधवार को रिटर्निंग अधिकारी प्रकाश भारद्वाज की उपस्थिति में विधिवत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र वितरण समारोह बेमेतरा में संपन्न हुआ, जहां निर्वाचित सदस्यों की औपचारिक घोषणा के साथ-साथ ग्राम पंचायत के पंच और सरपंच पदों पर विजयी प्रत्याशियों को भी उनके प्रमाण पत्र सौंपे गए। नवागढ़ जनपद पंचायत के निर्वाचित सदस्यों में प्रमुख नाम दशरीत सियाराम गोड, भुनेश्वरी रितु कुमार साहू, भारती आहिरे, पूजा नागेश्वर बजारे, धरमदास दिवाकर, अमित कुमार, खोरबाहरा साहू, श्रीमति सिलसिला कुर्रे, पूजा नरेन्द्र भारती, कमलेश्वरी बंजारे भंजन, नरेश वर्मा, शिवप्रसाद साहू, सावित्री तोरन राजपूत, केदार साहू, तारकेश्वरी साहू, देवेन्द्र कुमार वर्मा, भारती डैनी ठाकुर, मिथलेश वर्मा, माया हीरा बारले, उमेश जगदीश साहू, रानी साहू, जितेन्द्र कुमार मात्रे, मीना बाई साहू, और परमेश्वर वर्मा शामिल हैं। ये सभी सदस्य नवागढ़ के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से चुने गए हैं और इनका चयन शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी और उन्हें अपने-अपने क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# मुख्य अभियंता श्री हरिओम शर्मा ने सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में ली समीक्षा बैठक

**अच्छी एवं गुणवत्ता पूर्ण सड़क बनाने की दिशा में काम करने के दिए निर्देश**

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक श्री हरिओम शर्मा ने रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में सड़क निर्माण कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा अनुसार ग्रामीण इलाकों में आवागमन को सुगम बनाने के लिए अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण सड़कों को बनाना ही प्रमुख उद्देश्य है और इस पर सभी को काम करना होगा। मुख्य अभियंता श्री शर्मा ने जिले के विभागीय अभियंताओं एवं ठेकेदारों को बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना अंतर्गत नवीन स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु सख्त निर्देश दिए। वही सड़क बनाने वाले सभी ठेकेदारों को गुणवत्ता से खिलवाड़ करने पर नियमानुसार कार्रवाई एवं आगामी निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं लेने देने की चेतावनी दी। मुख्य अभियंता श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान रायगढ़ जिले के पुसौर एवं सारंगढ़ जिले के सड़कों का निरीक्षण करते हुए सड़कों के संधारण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने चल रहे सड़क निर्माण में रायगढ़ से पुसौर लंबाई 11.40 कि.मी., टी.03 गोड़म से बंधापाली लंबाई 12.03 कि.मी., बंजारी से धौराभांठा लंबाई 3.19 कि.मी.का निरीक्षण किया।

## शादी का झांसा देकर पुलिसकर्मी ने किया दुष्कर्म, पुलिस अधिक्षक से शिकायत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले में एक पुलिसकर्मी द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ लगातार सात साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। थानों में फरियाद नही सुने जाने के परेशान युवती ने इसकी शिकायत पुलिस अधिक्षक कार्यालय में की है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा जिले की एक युवती का मोबाइल पर पुलिस आरक्षक से संपर्क क्या हुआ, वह जंजाल में फंस गई। मिली जानकारी के अनुसार, 2017 में पीड़ित युवती की पहचान मोबाईल के जरीये मोरगा पुलिस चौकी में सेवा दे रहे पुलिसकमी पुलिसकर्मी सुरेश मणि से हुई। और फिर मिलना जुलना शुरू हो गया। पहले से विवाहित पुलिसकर्मी ने इस जानकारी को छुपाया और विवाह करने की बात कहते हुए उसके साथ अवैध संबंध बनाए। विवाह का सपना दिखाकर पिछले 7 वर्ष से पुलिसकर्मी उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। और विवाह करने करने की बात पर बार बार गुमराह करता रहा और जब युवती ने विवाह के लिए दबाव बनाया तो पुलिसकर्मी और उसकी पत्नी ने मिलकर पीड़ित के साथ मारपीट की। पीड़िता ने मामले की रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक से की है। पीड़ित युवती चाहती है कि पुलिसकर्मी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# वार्ड नंबर 21 से रमशिला गिरधर देवांगन ने जीत हासिल कर लहराया परचम



**जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)।-** नगरपालिका चांपा के वार्ड नंबर 21 में कांग्रेस के श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को 26 वोटों के अंतर से परास्त कर दिया, वार्ड में कुल 811 वोट पड़े जिसमें कांग्रेस के श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन को 415, भाजपा के श्रीमती मंजुलता कमलेश देवांगन को 389 और इनमें से कोई नहीं (नोटा) में 07 वोट पड़े इस तरह 26 वोटों के अंतर से श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन विजयी रहे। वार्ड के लोगो ने एक बार फिर से कांग्रेस पर भरोसा जताया है, क्योंकि इनसे पूर्व भी इस वार्ड से कांग्रेस का पार्षद रहा है। मतगणना स्थल में उनके जीत के बाद समर्थकों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। और फिर वे सभी वार्डवासियों के घर पर जाकर धन्यवाद देते हुए आशीर्वाद लिया। गौरतलब है कि श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन इस वार्ड में अपने समर्थकों के साथ वार्डवासियों से सघन जनसंपर्क किया और वार्ड के मूलभूत सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, रोड, नाली सहित अन्य कई मुद्दों पर प्रमुखता से काम करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी लोगों को लाभ दिलाने की बात कही। अपने शांत स्वभाव और मिलनसार व्यवहार के चलते और समर्थकों की कड़ी मेहनत से वे चांपा नगरपालिका में पार्षद निर्वाचित हुए हैं। श्रीमती रमशिला गिरधर देवांगन ने अपने जीत के लिए वार्ड के मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ वार्डवासियों ने मुझे पार्षद बनाया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे, वॉर्ड के विभिन्न समस्याओं का जल्द ही समाधान कराने हेतु आवश्यक कार्य करूंगा।

# आज द्वितीय चरण का नगरीय चुनाव संपन्न बड़े नेताओं का साख लगा है इस आज के चुनाव में





**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-आज 20 फरवरी को द्वितीय चरण का पंचायती चुनाव संपन्न हुआ जिसमें महिलाओं ने पुरुष मतदाताओं को पीछे पछाड़ते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता निभाई ।आज 20 दिसंबर को द्वितीय चरण मतदान में सूरजपुर जिला का रामानुज नगर एवं प्रेम नगर विकास खंड में प्रशासन के मुस्तैदि के बीच चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ ।

रामानुज नगर विकासखंड में पुरुषों ने 58.32 प्रतिशत एवं महिलाओं ने 62.971 प्रतिशत अपनी मताधिकार का प्रयोग किया ।रामानुज नगर विकासखंड में कुल 60.54 प्रतिशत महिला पुरुष मतदाताओं ने अपनी मताधिकार का प्रयोग किया इसी प्रकार प्रेम नगर विकासखंड में पूर्व मतदाताओं ने 70.64 प्रतिशत एवं महिला मतदाताओं ने 73.99 प्रतिशत कुल 72.34 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूती प्रदान की

जिला पंचायत क्रमांक 15 में रामानुज नगर में जिला पंचायत सदस्यों को लेकर दिनभर घमासान देखने को मिले कांग्रेस एवं भाजपा अपने अपने प्रत्याशियों के जीत दिलाने में छोटी एड़ी चोटी लग रहे दोनों पार्टियों के नेताओं की अपनी आन बान शान की लड़ाई जिला पंचायत क्रमांक 15 में देखने को मिली। यहां नेताओं के लाडले लाड़ली चुनावी मैदान में आ कर अपना राजनीतिक रास्ता बनाने में लगे है ।आज यहां आज के चुनाव में त्रिकोणीय संघर्ष देखने को मिला ,यहां पूर्व महिला विकास मंत्री एवं सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह अपनी पुत्री मोनिका सिंह को जीत सुनिश्चित कराने में अपने कार्यकर्ताओं के साथ जुटी रही जबकि प्रेमनगर क्षेत्र के विधायक भूलन सिंह मरावी भाजपा समर्थित प्रत्याशि वेदप्रकाश सिंह को जीत दिलाने में लगे रहे ।युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह के पुत्री शशि सिंह अपने भाई एवं कांग्रेस समर्थित प्रत्याशि को जीत दिलाने में पसीना बहाते दिखाई दी। क्षेत्र क्रमांक 14 में पूर्वसंसद खेल साय सिंह अपनी पुत्र बधू ऊषा सिंह को जीत सुनिश्चित करने में लगे हुए है यहां भाजपा समर्थित रेखा सिंह ऊषा सिंह को भरी टक्कर दे रही है।

क्षेत्र क्रमांक 9 में। कांग्रेस समर्थित भुवती सिंह एवं भाजपा समर्थित नयन विजय सरदार के बीच सीधा टक्कर देखने को मिला।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 21 फरवरी 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

### मध्यस्थता रचनात्मक समधान

प्रधान न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा है कि सभी विवाद अदालत और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मध्यस्थता भी समस्या के निवारण का तरीका है क्योंकि यह रचनात्मक समाधान प्रदान करती है और संबंधों को मजबूत करती है। सीजेआई ने नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कहा कि प्रत्येक मामले को कानूनी मुद्दे की नजर से नहीं, बल्कि मानवीय पहलू के रूप में भी देखा जाना चाहिए। भारतीय कानूनी सहायता का स्वरूप शायद दुनिया में सबसे मजबूत है, जहां सभी हितधारकों को सहायता दी जाती है। सीजेआई का यह कहना उचित है कि मध्यस्थता रचनात्मक समधान है। ऐसा इसलिए कि इससे प्रतिकूल फैसला आने के बाद भी लोगों के परस्पर संबंध सौहार्दपूर्ण बने रहते हैं। संघर्ष को कुशलतापूर्वक खत्म किया जा सकता है। इस विकल्प को अपनाया जाना सामाजिक ताने बाने को बिखरने नहीं देता। ऐसा किया जाता है तो अदालतों में मुकदमों का जो अंबार लगा है, उसमें भी खासी कमी आ सकती है। न्यायिक प्रणाली पर अरसे से लंबित मामलों के बोझ से काफी हद तक निजात मिल सकेगी। फिर, जैसे-जैसे हमारी समस्याएं और अधिक गतिशील होती जा रही हैं, उनके समाधान की आवश्यकता और अधिक लचीली होनी चाहिए जिसकी तरफ सीजेआई ने भी ध्यान आकर्षित किया है। मध्यस्थता के लिए भारतीय समाज में मुफीद जमीन अनंतकाल से मौजूद रही है। साहित्य और लोक जीवन में मिल-बैठकर मामलों को सुलझाने के दृष्टांत सहज ही खोजे जा सकते हैं। कहना न होगा कि पंच परमेर की धारणा भारतीय जनमानस में गहरे पैठी है। जरूरी है कि इसके प्रति अपने आग्रह को प्रेरित बनाए रखा जाए। इस भावभूमि से विचलन ने हमारी समस्याएं बढ़ाई हैं और हमे न्याय पाने में बेवजह की देरी से दोचार होना पड़ता रहा है। इससे उस सिद्धांत की भी अनदेखी हुई है, जिसमें कहा गया है कि विलंब से मिले नयाय का न्याय न मिलने के तुल्य होता है। आज चुनौतियां से पहले से कहीं विकट हैं। पर्यावरणीय चिंताओं, मानवाधिकारों और सामाजिक न्याय से जुड़ा एक पूरा परिदृश्य ही हमारे सामने उभर आया है। जरूरी है कि कानूनी तकनीकी शब्दावली के पचड़े बिना मानवीयता और रचनात्मकता को तरजीह मिले।

# दिल्ली जलबोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगडगई

**डा. अश्विनी महाजन**

बदबूदार और गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ रुपए का ऋण बकाया था। दिल्ली अपने कूड़े के ढेरों के लिए देश और दुनिया में बदनाम है। दिल्ली को कूड़े से मुक्ति भी दिलानी होगी दिल्ली में लगभग 11 वर्षों के आम आदमी पार्टी के शासन के बाद सत्ता भारतीय जनता पार्टी के हाथ आ चुकी है। हालांकि किसी भी राज्य की सरकार हो या केंद्र की सरकार, सबकी चुनौतियां अलग-अलग होती हैं, लेकिन यदि किसी राजनीतिक दल को लोकप्रिय बने रहना है तो उसके लिए सुशासन देना जरूरी होता है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी सत्ता में काबिज होने के बाद लगभग अपराजेय जैसी स्थिति में पहुंच चुकी थी। मुफ्त बिजली, पानी और महिलाओं के लिए मुफ्त सार्वजनिक परिवहन की यात्रा के चलते आम जनता, खासतौर पर गरीब लोगों में अरविंद केजरीवाल अत्यंत लोकप्रिय हो चुके थे। हालांकि भारतीय जनता पार्टी 48 सीटें प्राप्त कर सत्ता पर काबिज हो चुकी है और आम आदमी पार्टी 62 से मात्र 22 सीटों पर सिमट चुकी है। कुछ सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को इस बात का भी लाभ मिला है कि कांग्रेस ने थोड़ी बहुत मात्रा में वोट लेकर आम आदमी पार्टी के मार्ग को अवरुद्ध किया। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा से ही मुफ्त की योजनाओं के विरोधी रहे हैं, जिसे वे 'मुफ्त की रेवड़ी' भी कहते हैं। लेकिन आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर करने हेतु भाजपा को भी यह घोषणा करनी पड़ी कि जो भी कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं, उन्हें बंद नहीं किया जाएगा। यही नहीं, गरीब महिलाओं के लिए भी 2500 रुपए प्रति माह से राशि देने का भी वादा भाजपा ने किया है। विकास की चुनौती : जहां अरविंद केजरीवाल सरकार ने अपना सारा ध्यान मुफ्त की योजनाओं में लगाया था, दिल्ली का विकास और सार्वजनिक योजनाओं का रखरखाव उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। दिल्ली के लोग पूर्व की भाजपा और कांग्रेस सरकारों को उनकी विकास योजनाओं के नाते ही जानते हैं। जहां दिल्ली के मदनलाल खुराना के मुख्यमंत्री काल में दिल्ली की व्यस्त सडक़ों पर 'वाई' आकार के खंबों पर दौड़ती मेट्रो का आगमन हुआ, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने आगे बढ़ाया। दिल्ली, पूरे देश में अपने फ्लाईओवरों,




मेट्रो और सडक़ों के लिए जानी जाने लगी। लेकिन अरविंद केजरीवाल के शासन में दिल्ली का विकास लगभग रुक गया। पिछले 11 वर्षों में दिल्ली में शायद ही कोई नया फ्लाईओवर, विद्यालय, महाविद्यालय अथवा विश्वविद्यालय अथवा अस्पताल बना होगा। हालांकि अरविंद केजरीवाल अपने शिक्षा मॉडल को विश्वस्तरीय बताने और अपने मोहल्ला क्लीनिक मॉडल की सफ्लता बताने में जुटे रहे, लेकिन जमीनी सच्चाई अलग ही कहानी बयां कर रही थी। समझा जा सकता है कि सरकारी खर्च को मुफ्त की योजनाओं पर केंद्रित करते हुए, जो विकास और सार्वजनिक सेवाओं को तिलांजलि देने का जो काम अरविंद केजरीवाल सरकार ने किया, उस नीति को उलटकर फिर से विकास को केंद्र में लाना जरूरी होगा। यमुना की सफाई और पर्यटन : दशकों की अनदेखी और यमुना में फैक्टरियों के प्रदूषण और अन्य गंदगी को यमुना में डालते जाने और केंद्र तथा दिल्ली के बीच तालमेल के अभाव के चलते यमुना की गंदगी इन चुनावों में मुख्य मुद्दा रही। केजरीवाल ने भी स्वीकार किया कि वे यमुना की सफाई का काम नहीं करा पाए। नई सरकार के सामने यह चुनौती रहेगी कि वादे के अनुसार वह यमुना की सफाई के काम को आगे बढ़ाए। यमुना की सफाई और नदी तट का सौंदर्यकरण कोई असंभव काम नहीं है। लेकिन ऐसा करके दिल्ली को न केवल सुंदर बनाया जा सकता है, बल्कि यमुना तट को पर्यटन का आकर्षक केंद्र भी बनाया जा सकता है। दुनिया भर में नदियां पर्यटन का आकर्षण हैं। हमारे देश में भी पवित्र नदियों के घाटों में स्नान की सनातन परंपरा है। कुंभ से पूर्व गंगा की सफाई का भारी काम उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली चुनाव के बाद भी यमुना की सफाई के अपने संकल्प को दोहराया है। आशा की जा सकती है कि आने वाले कुछ वर्षों में यमुना की पवित्रता को पुन: स्थापित किया जा सकेगा। संसाधनों की नहीं है कमी : दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय देश की प्रति व्यक्ति आय से लगभग दोगुनी है। यही कारण है कि दिल्ली में प्रति व्यक्ति राजस्व भी सभी राज्यों के सम्मिलित प्रति व्यक्ति राजस्व की तुलना में लगभग दोगुना है। गौरतलब है कि दिल्ली का कुल कर राजस्व 2013-14 में 25919 करोड़ रुपए था जो वर्ष 2023-24 के बजट अनुमानों के अनुसार 53565 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका था। इसके अलावा, केंद्रीय कर प्राप्तियों का भी एक बड़ा हिस्सा दिल्ली को मिलता है। गौरतलब है कि दिल्ली का अपना कर राजस्व सभी राज्यों के कर राजस्व का 2.5 प्रतिशत है, जबकि देश की जनसंख्या में इसका हिस्सा मात्र 1.4 प्रतिशत ही है। इसी राजस्व का लाभ उठाते हुए अरविंद केजरीवाल से पूर्व की शीला दीक्षित सरकार ने 1999-2000 और 2014-15 के बीच के 15 वर्षों में पूंजीगत व्यय को मात्र 510.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7430 करोड़ रुपए कर दिया, यानी प्रतिवर्ष 19.6 प्रतिशत की वृद्धि। खेद का विषय यह है कि वर्ष 2023-24 तक इसे सिर्फ 16230 करोड़ रुपए तक ही बढ़ाया गया, यानी मात्र 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि। पूंजीगत अथवा विकासगत व्यय पर्याप्त रूप से नहीं बढने का मुख्य कारण यह था कि अरविंद केजरीवाल की सरकार अपने बजट का बड़ा हिस्सा मुफ्त बिजली, पानी के अलावा प्रचार पर खर्च करती थी। गौरतलब है कि 2023-24 के वर्ष में 557 करोड़ रुपए से ज्यादा का प्रावधान प्रचार के लिए रखा गया था। समझा जा सकता है कि यदि अरविंद केजरीवाल सरकार मुफ्त की योजनाओं की बजाय दिल्ली के विकास कार्यों पर खर्च करती तो दिल्ली की तस्वीर ही कुछ अलग होती। ऐसे में नई सरकार के समक्ष यह चुनौती रहेगी कि कैसे तथाकथित जनकल्याणकारी योजनाओं को जारी रखते हुए दिल्ली के विकास के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटित किए जाएं। क्या हो प्राथमिकता : दिल्ली के सभी क्षेत्रों में जल आपूर्ति सुनिश्चित करना, शहरी कूड़े का निदान, स्वच्छता की व्यवस्था, झुग्गी-झोंपड़ी के स्थान पर हाउसिंग की सही व्यवस्था, आवश्यकता के अनुसार सडक़ों का चौड़ीकरण, फ्लाईओवरों का निर्माण और सडक़ों का रखरखाव समेत विविध विकास कार्यों को केंद्र में रखकर बजट बनाने की जरूरत होगी। अपने चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली के झुग्गी निवासियों को एक वायदा किया, जो झुग्गी वासियों के लिए एक स्वप्न जैसा है, कि झुग्गी वासियों की जहां झुग्गियां हैं, वहीं उन्हें पक्का मकान मिलेगा। इस वायदे को इस कारण भी निभाना जरूरी है, क्योंकि इसी के द्वारा दिल्ली राजधानी को एक सही पहचान मिल सकेगी। अरविंद केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी नाकामी यह रही कि हालांकि वे 2000 लीटर पानी मुफ्त में उपलब्ध कराने का दंभ भरते रहे, लेकिन न तो दिल्ली के सभी स्थानों पर जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकी और न ही दिल्लीवासियों को साफ पानी मिल सका। बदबूदार और गंदा पानी दिल्ली जल बोर्ड की जैसे पहचान बन गई थी। दिल्ली जल बोर्ड की वित्तीय हालत भी इस कदर बिगड़ गई थी कि उस पर लगभग 2021-22 तक 73197 करोड़ रुपए का ऋण बकाया था। दिल्ली अपने कूड़े के ढेरों के लिए देश और दुनिया में बदनाम है। यह जरूरी होगा कि नई प्रौद्योगिकी के प्रयोग और पर्याप्त संसाधन आवंटित कराते हुए दिल्ली को कूड़े से मुक्ति दिलाते हुए उसे उसकी सही पहचान दिलाई जाए। दिल्ली में लगातार बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए फ्लाईओवरों के निर्माण, सडक़ों के चौड़ीकरण और सडक़ों के सही रखरखाव हेतु पर्याप्त संसाधन जुटाने होंगे।

## आलेख

### वैश्विक स्तर पर मोदी और प्रादेशिक फलक पर डंका बजाते मोहन............

**अरुण पटेल**

एक ओर जहां अमेरिका सहित वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डंका बज रहा है तो वहीं प्रदेश के फलक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मुख्यमंत्री को पक्का भरोसा है कि उद्योगों के प्रति मित्रवत नीति एवं नवाचार से प्रदेश में निवेश के विस्तार को पंख लग जायेंगे और यह एक नया औद्योगिक हब बनेगा। अभी तक मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक राजधानी के रुप में इंदौर तथा संस्कारधानी के रुप में जबलपुर की पहचान थी, अब औद्योगिक राजधानी के रुप में ताल-तलैयों व शैल-शिखरों की नगरी भोपाल को भी एक नई पहचान मिलने जा रही है। इन प्रयासों को जमीनी धरातल पर उतारने में डॉ. यादव महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की व्हाइट हाउस में बड़े ही गर्मजोशी के साथ मुलाकात हुई और न केवल दोनों ने एक-दूसरे को गले लगाया बल्कि ट्रम्प ने यह भी माना कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को मिस किया है। टेरिफ मामले को लेकर मोदी की प्रशंसा प् करते हुए उन्होंने मोदी को एक टफ नेगोशिएटर निरुपित किया। इस अवसर हुई बैठक में भारत-अमेरिका व्यापार, रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी रणनीति के साथ ही साथ ऊर्जा साझेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में आपसी व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा और रणनीतिक साझेदारी को और अधिक मजबूत धरातल पर उतारने के मामले में अपनी सहमति जताई। अमेरिका और भारत ने इस्लामिक आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करने का फैसला किया है और दोनों देशों ने आतंकवादी संगठनों के वित्त पोषण को रोकने, खुफिया जानकारी साझा करने, वैश्विक आतंकवाद को राकने में सहयोग बढ़ाने की बात कही। ट्रम्प का कहना था कि कट्टरपंथी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए खतरा है और इसे रोकने के लिए दोनों देशों का गठबंधन महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि अमेरिका में भारतीय समुदाय की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लॉस एंजिलिस और बॉस्टन में नये भारतीय वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। इससे भारतीय प्रवासियों को कांसुलर सेवाओं का लाभ मिलेगा और दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और व्यावसायिक संबंध और मजबूत होंगे। अमेरिका में अडानी समूह को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी ने जो उत्तर दिया उसको लेकर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में सवाल पूछो तो चुप्पी और विदेश में पूछो तो निजी मामला। अमेरिका में भी पीएम मोदी ने अडानी के भ्रष्टाचार पर पर्दा डाल दिया। जब मित्र की जेब भरना मोदी के लिए राष्ट्र निर्माण है तब रिश्वतखोरी और देश की सम्पत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। अमेरिका में जब मीडिया के सामने ट्रम्प और मोदी रुबरु हो रहे थे उस समय अडानी समूह को लेकर अमेरिका में चल रहे विवाद पर सवाल किया गया कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ कारोबारी गौतम अडानी के खिलाफ मामले पर चर्चा हुई है, तब मोदी का उत्तर था कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की है, दुनिया को हम एक परिवार मानते हैं, हर भारतीय को भी मैं अपना मानता हूं, ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देशों के मुखिया न मिलते हैं न बैठते हैं न बात करते हैं। न्यायिक अकादमी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने साफतौर पर कहा कि हम एक सम्प्रभु राष्ट्र हैं, हमारी सम्प्रभुता लोगों में निहित है। लोगों द्वारा दिया गया संविधान इस सम्प्रभुता को अभेद्य बनाता है। किसी भी कार्यकारी नियुक्ति में भारत के मुख्य न्यायाधीश को कैसे शामिल कर सकते हैं, हमारे देश में या किसी भी लोकतंत्र में क्या कोई कानूनी तर्क हो सकता है कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को सीबीआई निदेशक के चयन में भागीदारी करनी चाहिये। क्या इसके लिए कोई कानूनी आधार हो सकता है मैं समझ सकता हूं कि यह विधायी प्रावधान इसलिए अस्तित्व में आया कि उस समयझ की कार्यकारी सरकार ने न्यायिक निर्णय को स्वीकार किया, लेकिन अब समय आ गया है कि इसे फिर से देखा जाए। धनखड़ का कहना था कि हमारा संविधान सामंजस्य और सहकारी दृष्टिकोण की कल्पना करता है, न्यायिक सम्मान और विनम्रता यह मांग करती है कि ये संस्थाएं परिभा.


# भारत की कृत्रिम बुद्धिमता ( एआई ) क्षेत्र की सफलता किफायती नवाचार के साथ भविष्य को सशक्त बनाना

भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) में एक परिवर्तनकारी क्रांति देख रहा है, और इस बदलाव के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व है। भारत के इतिहास में पहली बार, सरकार प्रत्यक्ष रूप से एक एआई क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है, जहां कंप्यूटिंग पावर, ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (जीपीयू) और शोध के अवसर किफ़ायती कीमत पर उपलब्ध हैं। मोदी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि एआई सिर्फ़ कुछ खास लोगों के लिए न हो और इस पर बड़ी तकनीकी कंपनियों और वैश्विक दिग्गजों का वर्चस्व न हो। विशेष नीतियों के ज़रिए, मोदी सरकार छात्रों, स्टार्टअप और इनोवेटर्स को विश्व स्तरीय एआई क्षेत्र तक पहुंचने में सक्षम बना रही है, जिससे वास्तव में समान अवसर मिल रहे हैं। चाहे वह इंडिया एआई मिशन हो या एआई के लिए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करना। मोदी सरकार की ये सभी पहल देश के एआई क्षेत्र को बेहतर बनाने का इरादा रखती हैं। आइए एक नज़र डालते हैं कि मोदी सरकार भारत को वैश्विक एआई दिग्गज बनाने के लिए क्या कर रही है: इंडियाएआई मिशन: एआई को सुलभ बनाने में अग्रणी भूमिका भारत के एआई क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मोदी सरकार ने 2024 में 10,300 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ इंडियाएआई मिशन को मंजूरी दी। अगले पांच वर्षों में यह निर्धारित निधि इंडियाएआई मिशन के विभिन्न घटकों को गति प्रदान करने के लिए तैयार है। एक उच्च-स्तरीय सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा द्वारा समर्थित, इंडिया एआई मिशन अब भारतीय भाषाओं का उपयोग करके भारतीय संदर्भ के लिए स्वदेशी एआई कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने करने के करीब है। एआई मॉडल की शुरुआत लगभग 1०० जीपीयू की कम्प्यूटेशन सुविधा से हो रही है। इसमें जल्द ही शेष 8693 जीपीयू जोड़े जाएंगे। जीपीयू आधारभूत ढांचा और खुला जीपीयू बाजार इंडिया एआई मिशन के लॉन्च होने की 10 माह की अवधि में, नोडल मंत्रालय जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त करने और लगभग 18,693 ग्राफिक प्रोसेसिंग यूनिट, जीपीयू की एक उच्च-स्तरीय और मजबूत सामान्य कंप्यूटिंग सुविधा बनाने में सक्षम रहा है। यह ओपन सोर्स मॉडल डीपसीक की तुलना में लगभग नौ गुना और चैटजीपीटी की तुलना में लगभग दो तिहाई है। मोदी सरकार ने उल्लेखनीय रूप से, भारत के जीपीयू बाज़ार को खोलने की शानदार पहल की है और यह भारत में जीपीयू बाज़ार खोलने वाली पहली सरकार है, जिससे छोटे स्टार्टअप, शोधकर्ता और छात्र उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग संसाधनों तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। जबकि प्रमुख देशों में एआई बाज़ार पर अक्सर बड़े उद्योग दिग्गजों का दबदबा होता है। मोदी सरकार अगले कुछ दिनों में देश में संस्थाओं को एआई विकास के लिए 18,000 उच्च-स्तरीय जीपीयू-आधारित कंप्यूट सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और उनमें से 10,000 पहले से ही उपलब्ध हैं। सरकार ने 10 कंपनियों का भी चयन किया है जो 18,693 जीपीयू की आपूर्ति करेंगी। इसके अतिरिक्त, भारत अगले तीन से पांच वर्षों में अपना स्वयं का जीपीयू विकसित करेगा और अगले 10 महीनों में एक घरेलू आधारभूत एआई प्लेटफ़ॉर्म की उम्मीद की जा सकती है। सरकार जल्द ही एक सामान्य कंप्यूट सुविधा शुरू करेगी जहां स्टार्टअप और शोधकर्ता कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच सकते हैं। जबकि वैश्विक जीपीयू एक्सेस की लागत लगभग ढाई से तीन डॉलर प्रति घंटा है, मोदी सरकार इसे केवल एक डॉलर प्रति घंटा पर प्रदान करेगी। शोधकर्ता, स्टार्टअप, शिक्षाविद, कॉलेज, आईआईटी, सभी को इस कंप्यूटिंग शक्ति तक पहुंच मिल सकती है, और वे आधारभूत मॉडल शुरू कर सकते हैं। इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म: ओपन डेटा के साथ एआई नवाचार को सक्षम बनाना डेटा वह शक्ति है जो एआई शोध और नवाचार को आगे बढ़ाता है, और समृद्ध, विविध और प्रचुर डेटासेट के बिना, सबसे कुशल डेटा वैज्ञानिक और डेवलपर्स भी अवरोधों का सामना करते हैं। इसे पहचानते हुए, मोदी सरकार बड़े शोध समुदाय के लिए ओपन डेटासेट को सुलभ बनाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से सरकार का लक्ष्य उच्च-गुणवत्ता वाले, गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक पहुंच को सुव्यवस्थित करना और एक एकीकृत डेटा प्लेटफ़ॉर्म बनाना है। यह भारतीय स्टार्टअप और शोधकर्ताओं के लिए सहज पहुंच को सक्षम बनाता है, जिससे एआई-संचालित नवाचार में तेज़ी आती है। इस एआई डेटासेट प्लेटफ़ॉर्म में अज्ञात डेटा का सबसे बड़ा संग्रह होगा जो नवाचार को बढ़ावा देगा और एआई अनुप्रयोगों की क्षमताओं को बढ़ाएगा। वर्ष 2023 में मोदी सरकार ने नई दिल्ली में हेल्थकेयर, कृषि और बेहतर शहरी नियोजन एवं प्रबंधनयुक्त शहरों पर केंद्रित तीन एआई उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की घोषणा की। बजट 2025 में 500 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में एआई के लिए एक नया उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की गई। शिक्षा में एआई के लिए घोषित उत्कृष्टता केंद्र चौथा ऐसा केंद्र है। सरकार ने कौशल विकास के लिए 5 राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों की योजना की भी जानकारी दी, जो युवाओं को उद्योग-संबंधित विशेषज्ञता से दक्ष करने के लिए डिज़ाइन किए।

# भाषा आंदोलन को याद करे बांग्लादेश

**प्रताप सिंह पटियाल**

बांग्ला आवाम तथा 'टावर हैमलेट्स काउंसिल' ने मिलकर उस शहीद मिनार का जीर्णोद्धार किया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय संसद के अध्यक्ष 'हुमायूं रशीद चौधरी' ने उस भाषायी विरासत के प्रतीक शहीद मिनार का अनावरण 17 फरवरी 1999 को किया था। 'यूनेस्को' ने 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' घोषित किया था हिंदोस्तान के विभाजन से पूर्व 'अलीगढ़ विश्वविद्यालय' के कुलपति डा. 'जियाउद्दीन अहमद' ने एक बज्म में मश्विरा पेश किया था कि पाकिस्तान के वजूद में आने के बाद पाक की राजकीय भाषा 'उर्दू' होनी चाहिए। जियाउद्दीन की उस दलील के रद्देअमल में ढाका विश्वविद्यालय के बंगाली भाषाविद डा. 'मुहम्मद शाहिदुल्लाह' ने जवाब दिया था कि हमारे न्यायालयों व विश्वविद्यालयों में बंगाली भाषा के बजाय उर्दू या हिंदी का इस्तेमाल गुलामी के समान होगा। मुहम्मद शाहिदुल्लाह की उस तहरीर को 'बांग्ला भाषा आंदोलन' की तखलीक माना जाता है। शाहिदुल्लाह ने अखबारों के जरिए बांग्ला भाषा की हिमायत जारी रखी थी। विभाजन के बाद ढाका विश्वविद्यालय के बंगाली छात्रों ने आठ दिसंबर 1947 को बांग्ला जुबान को अपनी आधिकारिक भाषा घोषित करने की मांग कर दी तथा उस मांग को मनवाने के लिए ग्यारह मार्च 1948 को हड़ताल का ऐलान कर दिया। बंगाली छात्रों की वो कारकर्दगी पाकिस्तान के हुक्मरानों को नाग्वार गुजरी। उसी दौरान 21 मार्च 1948 को पाकिस्तान के गर्वनर जनरल मोहम्मद अली जिन्ना ढाका में तशरीफ ले गए तथा रामना रेसकोर्स मैदान में बांग्ला आवाम से मुखातिब हुए। दौराने तकरीर में जिन्ना ने फरमाया कि 'मैं आपको स्पष्ट कर देता हूं कि पाकिस्तान की राजकीय भाषा उर्दू होगी। जो इसकी मुखालफत करेगा, वो पाकिस्तान का दुश्मन है।' हालांकि उस ऐलान के छह महीने बाद सितंबर 1948 में जिन्ना का इंतकाल हो गया था। लेकिन जिन्ना द्वारा बांग्ला आवाम पर थोपी गई उर्दू जुबान की मुनादी ने बंगाली लोगों को अपनी मातृभाषा व अलग मुल्क बांग्लादेश के लिए जद्दोजहद का एहसास करा दिया था। 16 अक्तूबर 1951 को पाकिस्तान के प्रथम वजीरे आजम 'लियाकत अली खान' का 'रावलपिंडी' में कत्ल कर दिया गया था। उसके बाद मजहबी मिजाज के 'ख्वाजा नजीमुद्दीन' पाकिस्तान के वजीरे आजम बने। नजीमुद्दीन ने भी जनवरी 1952 में ढाका के पलटन मैदान में उर्दू को पाकिस्तान की राजकीय भाषा करार देकर मोहम्मद अली जिन्ना की उस तकरीर को



पुख्ता कर दिया था। ख्वाजा नजीमुद्दीन के ऐलान का बंगाली छात्रों ने पुरजोर विरोध किया। जब एहतजाज हिंसा में तब्दील हुआ तो पाक हुकूमत ने पूर्वी पाक में 20 फरवरी 1952 को धारा 144 लागू कर दी। बांग्ला भाषा तहरीक में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे 'ढाका मेडिकल कालेज' व 'ढाका विश्वविद्याालय' के छात्रों तथा 'ऑल लैंग्वेज एक्शन कमेटी' के लोगों पर पाक सुरक्षाबलों ने गोलीबारी करके कई छात्रों को हलाक कर दिया। आंदोलन में मारे गए छात्रों को खिराज-ए-अकीदत पेश करने के लिए बांग्ला लोगों ने 22 फरवरी 1952 को एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया था। मगर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने धारा 144 के उल्लंघन का हवाला देकर दोबारा गोलीबारी करके कई प्रदर्शनकारियों को मौत के घाट उतार डाला था। 'अमार भाई रोकटे रंगानों एकुशे फरवरी' ये मकबूल बंगाली नगमा बांग्ला भाषा आंदोलन के दौरान पाक सेना की क्रूरता का शिकार हुए लोगों की याद में ही लिखा गया था। उस 'एकुशेर गान' के मुसन्निफ बांग्ला सहाफी 'अब्दुल गफ्फार चौधरी' ने वो नगमा पाक सेना की गोली से घायल हुए एक शख्स के पास बैठकर लिखा था। भाषा आंदोलन में पाक सेना की गोलीबारी का शिकार हुए लोगों को खिराजे अकीदत इसी नगमें के जरिए पेश की जाती रही है। दिलचस्प बात ये है कि सन् 1952 के दौर में जब बांग्लादेश की आवाम पाक सेना से अपनी मातृभाषा व तहजीब के वजूद की जंग लड़ कर शहीद हो रही थी, उस वक्त पाकिस्तान के वजीरे आजम ख्वाजा नजीमुद्दीन खुद बांग्लादेशी थे। मगर वजीरे आजम के औहदे पर काबिज रहने की लालसा में नजीमुद्दीन अपनी बंगाली जुबान की हिमायत नहीं कर सके। ढाका में बांग्ला भाषा के लिए विरोध प्रदर्शन तथा उसी दौरान लाहौर में मजहबी दंगों से बिगड़े हालात पर काबू पाने में नजीमुद्दीन नाकाम रहे। नतीजतन पाकिस्तान के गवर्नर जनरल 'मलिक गुलाम मोहम्मद' ने अप्रैल 1953 में ख्वाजा नजीमुद्दीन को बर्खास्त कर दिया था। भाषा आंदोलन में पाक सुरक्षा बलों द्वारा हलाक किए गए लोगों की याद में ढाका में 'शहीद स्मृतिस्तंभो' मिनार सन् 1952 में ही तामीर कर दिया था। मगर पाक सेना ने उस शहीद मिनार को सन् 1952 में तथा 1971 के आपरेशन 'सर्च लाइट' के दौरान पूरी तरह नष्ट कर दिया था। बांग्ला आवाम तथा 'टावर हैमलेट्स काउंसिल' ने मिलकर उस शहीद मिनार का जीर्णोद्धार किया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय संसद के अध्यक्ष 'हुमायूं रशीद चौधरी' ने उस भाषायी विरासत के प्रतीक शहीद मिनार का अनावरण 17 फरवरी 1999 को किया था। उसी वर्ष 'यूनेस्को' ने बंगाली भाषा आंदोलन को मान्यता देकर 21 फरवरी को 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' घोषित किया था।

# मोक्ष कल्याणक के साथ पाषाण से भगवान बनने की अनुष्ठान का हुआ समापन




**भोपाल (विश्व परिवार)।** भोपाल टी टी नगर जैन मंदिर पंच कल्याणक महोत्सव का समापन मोक्ष कल्याणक की आराधना के साथ हुआ, प्रभु को मोक्ष प्राप्ति के साथ भोपाल के मंदिरों की 84 जिन प्रतिमाएं पाषाण से भगवान बनी भगवान जिनेंद्र की पूजा अर्चना के साथ विश्व शांति की कामना के साथ हवन कुंड में मंत्रौचारित आहुतियां दी गई, अनुष्ठान के प्रतिष्ठाचार्य के निर्देशन में विधि विधान से अनुष्ठान हुए, आयोजन स्थल अयोध्या नगरी से भव्य गजरथ शोभा यात्रा निकली मीडिया प्रभारी सुनील जैनाविन ने बताया केसरिया धर्म ध्वजाएं लहराती हुई विश्व शांति बंधुत्व का संदेश दे रही थीं, विभिन्न मंदिरों के युवा मंडल के दिव्य घोष जय अरिहंत, जय जिनेंद्र के जय कारो के साथ वातावरण को भक्ति मय बना रहे थे, शोभा यात्रा में प्रभु के पांच रथ श्रद्धा भक्ति आस्था के केंद्र थे, जिसे स्पर्श करने श्रद्धालुओं में होड़ बची हुई थी, शोभायात्रा के पूरे मार्ग पर श्रद्धालु हर्षित और प्रफुल्लित भाव से भक्ति नृत्य कर रहे थे, सभी अपने प्रभु के मोक्ष प्राप्ति पर अपने भक्ति भावों से वंदना आराधना कर रहे थे, प्रतीकात्मक हाथी रथ और बागियों पर अनुष्ठान के प्रमुख पात्र और इंद्राणी विराजमान थे, ऋषभ राजेश्वरी माता पिता राजेश सारिका सो धर्म इंद्र इंद्राणी अमर माया कुबेर सुनील रंजना महा यज्ञ नायक सहित सभी पात्र प्रभु के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित कर रहे थे, आज विभिन्न मार्गो से होती हुई शोभायात्रा आयोजन स्थल पहुंची यह भगवान जी की प्रतिमाओं का अभिषेक हुआ मुनि प्रमाण सागर महाराज ने कहा निर्वाण की बेला संसार में ही नहीं अपितु तीनों लोक में शांति सद्भाव बनाती है, पाषाण से भगवान, आत्मा से परमात्मा बनने का महा अनुष्ठान आज पूर्ण हुआ, धार्मिक अनुष्ठान का प्रयोजन विश्व शांति की कामना और जगत कल्याण की भावना से किया जाता है, प्रवक्ता सुनील जैनाविन के अनुसार आज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुनि संघ को श्री फल अर्पित किया, , ओर प्रदेश देश की उन्नति विकास का आश्रीवाद किया शोभायात्रा में राजधानी के मंदिरों के अध्यक्ष विभिन्न सामाजिक धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी सोशल ग्रुप महिला मंडल युवा मंडल पाठशाला परिवार अनेक अनेक सामाजिक संस्थाओं के सदस्य द्वारा सहबहगिता प्रदान की गई।

# जिंदगी तस्वीर भी है और तकदीर भी है फर्क तो सिर्फ रंगों का है : मुनि श्री समतासागर जी महाराज





**डोंगरगढ़ (विश्व परिवार)।** जिंदगी तस्वीर भी है और तकदीर भी है फर्क तो सिर्फ रंगों का है, मनचाहे रंगों से बनाओ तो तस्वीर बनती है, और अनजाने रंगों से बनाऐं सो तकदीर कहलाती है। जो गुरुदेव हम सभी की तकदीर बनाने बाले है, वह कल तक तो हमें पार्थिव रुप से चलते फिरते नजर आते थे लेकिन आज वह तस्वीर बने बैठे है। उपरोक्त उदगार निर्यापक श्रमण मुनि श्री समता सागर महाराज ने धर्म सभा कोम सम्वोधित करते हुये व्यक्त किये।

मुनि श्री ने कहा कि आचार्य गुरुदेव ने अपने जीवन में बहूत उपलब्धि हांसिल की ही है, उनके द्वारा प्राणीमात्र को जो उपलब्धियां हांसिल हुई, उनके पीछे मानव जाति तो क्या पेड़ पौधे और पत्थर भी उनकी कृपा पाकर के धन्य हो गये विहार करते करते जब एक गरीब की कुटिया में एक शिला पर बैठ गये तो वह शिला भी अनमोल हो गयी मुनि श्री ने कहा कि आचार्य गुरूदेव ने क्षेत्रों का उद्धार तो किया ही किया साथ ही साथ दिशाविहीन तथा संस्कार विहीन समाज का भी उद्धार किया, लाखों युवा रुणीवादी परंपराओं के कारण मुनिराजों के आहार विहार तथा भगवान के अभिषेक एवं पूजा पाठ में कोई रूचि नहीं लेते थे, उम्र दराज होंने पर ही दीक्षा लेते थे लेकिन हमारे गुरूदेव ने युवाओं को बैरागी बनाया और वैरागियों को अच्छे तरह से शिक्षित किया परिणाम यह निकला कि शिक्षित युवाओं की एक बड़ी टीम आचार्य गुरुदेव के आकृषण से दीक्षित हुई और परिणाम आप सभी के सामने है। उन्होंने कुंडलपुर के बड़े बाबा को पुराने स्थान से नये स्थान पर विराजमान करने की घटना को प्रकाश में लाते हुये कहा कि जब युवा सरदार ने बड़ी बड़ी मशीनों से सारे प्रयास कर लिये और वह थक हार कर गुरुदेव की शरण में आया गुरुदेव ने अपनी पिच्छिका उठाई और बड़े बाबा की ओर निहारा तो ऐसा लगा कि बड़े बाबा से छोटे बाबा कोई बात कर रहे है उन्होंने क्रैन से उठाने बाले उस सरदार को बुलाया और उससे बातचीत की तथा कुछ त्याग कराके बड़े बाबा को उठाने को कहा जब बड़े बाबा को उठाया जा रहा था तो वह एक टक उस प्रतिमा को खड़े खड़े पिच्छिका हाथ में लिये निहार रहे थे तब उस गम्भीर अवस्था में आंखें से आंसू भी आ रहे थे जब बड़े बाबा विराजमान हो गये तो

किसी ने पूंछ लिया गुरुदेव आप इतने गम्भीर क्यों दिख रहे थे? तो गुरवर ने जबाब दिया बस यूं ही सारा देश मुझे देख रहा था और में बड़े बाबा को देख रहा था और उनसे पूंछ रहा था कि बड़े बाबा तुम मेरे साथ हो या नहीं? और बड़े बाबा ने विराजमान होकर यह सावित कर दिया कि में तुम्हारे ही साथ हूं।

मुनि श्री ने कहा कि गुरुदेव की अदभुत संकल्प और साधना तथा उनका पुण्य और पुरुषार्थ ने गुरुदेव को जैन समुदाय का ही नही वल्कि सभी समुदायों का गुरु बना दिया और यही कारण है कि केंद्र से लेकर के देश दुनिया का कोई भी व्यक्तित्व गुरवर के चरणों में आने को लालायित रहा।

मुनि श्री ने तिलवारा जबलपुर का उल्लेख करते हुये कहा कि बाबा रामदेव थोड़ा समय निकाल कर दर्शन करने आऐ थे लेकिन घंटों आचार्य श्री के पास बैठकर ज्ञानध्यान की चर्चा करते रहे एवं श्रद्धापूर्वक रात्री का अन्न पान का त्याग कर दिया।और कहा कि आप सभी ने अपने महावीर को शास्त्रों में पड़ा होगा लेकिन में अभी अभी उनसे मिलकर के बाहर आ रहा हूं।गुरुदेव के जीवन में अनुशासन भी था और करुणा भी थी वह कभी डराते नहीं थे लेकिन उनकी एक नजर ही डाट का काम करती थी मुनि श्री ने कोंनी जी की घटना का उल्लेख करते हुये कहा कि संघ की प्रारंभिक अवस्था में जब मेरी दीक्षा को दो ढाई वर्ष हुये थे रात्री में गुरुदेव को तेल लगा रहा था तो वंहा लाईट तो थी नहीं अचानक कोई आया और तेल की शीशी लुड़क गई तो सकपकाहट हुई गुरूदेव ने देखा सुवह हुई आचार्य भक्ती के पश्चात गुरुदेव ने रात्री का प्रसंग छेड़ दिया और कहा कि मेरे चिंतन में एक बात उभरी कि शीशी और शिष्य में डाट लगाना जरूरी है।लेकिन डाट ऐसी लगाओ कि ज्यादा कसना न पड़े आचार्य श्री ने कभी भी रोका नहीं और कभी टोका नहीं लेकिन उनकी नजरों का ही इतना भय रहता था कि कोई गल्ती न हो जाऐ। -**अविनाश जैन**

# केंद्र से ग्राम पंचायत तक शासन गौमाता को राष्ट्र माता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करें : साईं मसन्द



**रायपुर (विश्व परिवार)।** भारत के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के नेतृत्व व मार्गदर्शन में कार्यरत भारत सहित एक सौ देशों के धार्मिक व सामाजिक प्रतिनिधियों के संगठन परम धर्म संसद 1008 द्वारा देश में गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर केन्द्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाइयां से गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करने का अनुरोध किया गया है।

यह जानकारी महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक बेमेतरा जिले के ग्राम सलधा स्थित सपाद लक्षेश्वर धाम में लिंग पुराण कथा करने पधारे परम धर्म संसद 1008 के परमधर्माधीश पूज्यपाद जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज के साथ आए संगठन के संगठन मंत्री, रायपुर निवासी मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश, प्रख्यात देशभक्त संत पूज्य साईं जलकुमार मसन्द साहिब ने दी। उन्होंने कहा कि अंचल से प्रकाशित समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचारों से ज्ञात हुआ है कि इन दिनों छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्तरीय पंचायतों का चुनाव कार्य चल रहा है। उन्होंने इन चुनावों में निर्वाचित होने वाले जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे सभी अपनी-अपनी पंचायतों में गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने के प्रस्ताव को प्राथमिकता देते हुए पारित कराने का यशस्वी कार्य करें।

उन्होंने आह्वान किया है कि केन्द्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाइयां अब देश के सर्वोच्च धर्मगुरु पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में देश में सनातन वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन स्थापित कर भारत को पुनः विश्वगुरु बनाने में सहायक बने। साईं मसन्द साहिब जी बताया कि अपने उद्देश्य में सफल होने के लिए प्रथम चरण में लगभग दो वर्षों से गौ प्रतिष्ठा अभियान चला कर देश के 37 करोड़ हिन्दू मतदाताओं को गौ मतदाता बनाने का मजबूत आधार खड़ा किया जा रहा है। केन्द्र से ग्राम पंचायत तक शासन की सभी इकाइयां गौमाता को पशु सूची से बाहर कर उसे राष्ट्र माता स्वीकारे जाने का प्रस्ताव पारित करें- साईं मसन्द।

# ध्यान करके अपने जीवन को निर्मल व सुखी बनाये : आर्यिका श्री प्रशममति माताजी

विश्व शांति एवं सदभावना के लिए योग जरूर करें



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी द्वारा परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि दिवस पर आर्यिका रत्न श्री प्रशममति माता जी आर्यिका श्री उपशममति माताजी ससंघ के सान्निध्य एवं जवलपुर से पधारी योगाचार्य साक्षी बहन अंतरप्पा के निर्देशन में आयोजित किए गए दो दिवसीय अर्हं ध्यान योग शिविर का समापन समारोह सुभाष गंज मैदान में कलेक्टर सुभाष कुमार दुवेदी संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एडिसन एस पी गजेन्द्र सिंह कंवर में किया गया।

इसके पहले आज द्वितीये ध्यान सत्र में आर्यिका श्री उपशममति माताजी ससंघ के सान्निध्य में पधारे जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी संयुक्त कलेक्टर सोनम जैन एडिसन एस पी गजेन्द्र सिंह कंवर का जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष प्रदीप तारई राजेंद्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंघई मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार मनीष बरखेड़ा निर्मल मिर्ची हेमंत टडैया दारा श्री फल पीत वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया इस दौरान मुख्यअतिथि जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी द्वारा अंतरप्पा साक्षी दीदी रश्मि दीदी अनीता दीदी का सहित अन्य प्रमुख जनो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अर्हं ध्यान योग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने कहा कि आज व्यस्तता बहुत थी यहां कुछ देर रुकने का विचार करके आया था लेकिन परम पूज्य माता जी के सान्निध्य में ध्यान में बहुत आनंद आया ध्यान के द्वारा हम अपनी ऊर्जा को बढ़ा कर अपने प्राशसनिक कार्य को और अधिक अच्छी तरह से कर सकते हैं ध्यान हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाता तनाव से मुक्त कर एक नई ऊर्जा का संचालन कर देता है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि दिवस पर इस तरह का आयोजन कर जैन समाज ने सभी को ध्यान योग से जुड़ने की प्रेरणा दी इसे हम रोज करें और अपने को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखें। हम निरंतर दौड़ रहे हैं लेकिन शान्ति कहीं नजर नहीं आ रही- माता जी

आज अर्हं ध्यान योग शिविर के दूसरे दिन आर्यिका श्री प्रशममति माता जी ने इस भागदौड़ भरी दुनिया में सच्ची शांति का मार्ग दिखाते हुए कहा कि हम निरंतर दौड़ रहे हैं, लेकिन जिस शांति की हमें तलाश है, वह कहीं दिखती नहीं। -**विजय धुर्रा**

# मानवता का मंदिर है यह दुनिया : गावलिंगी संत श्रमणाचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज



**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** आओ फूल खिलायें हम आओ मूल हटायें हम । मानवता की धरती पर मानवता अपनायें हम। हिल-मिलकर जीना हो हो-2, जीना कहलाये रे ॥ जीवन है पानी की बूंद, कब मिट जाए रे। संसारी आत्मा जब भी परमात्मा बनता है तो वह एकमात्र सत्संग से ही बनता है, जिसप्रकार विद्यालय में जानेवाला विद्यार्थी ही किसी बड़ी पदवी पर पहुंच पाता है। इस संसार में दो ही वस्तयें बहुमूल्य हैं जिन्हें प्राप्त करने के लिए व्यक्ति अपने प्राणों की भी बाजी लगाकर उन्हें प्राप्त करना चाहता है, वे दो वस्तुयें हैं - धन और धर्म। धन हमेशा आकुलता, युद्ध, अशान्ति देता है और धर्म हमेशा शान्ति, प्रेम, निराकुलता देता है। धर्म विश्व-बंधुत्व की भावना पैदा करता है। धर्म से ही मानव जाति की सुरक्षा है। धर्म किसी मंदिर या मस्दि में नहीं मिलता, मंदिर-मस्जिद तो हमारे व्यवहार को बदलने के लिए हुआ करते हैं। मंदिर में घंटों तक पूजा करने के बाद भी यदि आपका व्यवहार न बदले तो याद रखो अभी आपको धर्म की प्राप्ति नहीं हुयी है। धर्म हमें गुल की तरह मुस्कुराना सिखाता है। अपने जीवन को गुल-फूलों की तरह बनायें, काँटों की तरह नहीं। किसी को आपके आगे से निकलना पड़े तो वह आपसे दूर हटकर न निकले, वह आपसे मिलन करके निकले, और यह एक मात्र यदि संभव है तो एक मात्र धर्म से। सैकड़ों फूल एक साथ रह लेते हैं, बंधुओ। यह दुनिया भी एक मानवता का मंदिर है। हम सब भी यहाँ हिल मिलकर रह सकते हैं।

# अवधपुरी आगरा मे जिनबिम्ब चैत्यालय स्थापना महोत्सव मे गिरनार यात्रा में शामिल होने का आह्वान

## आगरा के प्रसिद्ध समाज सेवी और तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जैन पीएनसी द्वारा धर्म पद यात्रा की अनुमोदना करते हुए दिया पूर्ण सहयोग का आश्वासन : विश्व जैन संगठन

### उपा श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज द्वारा 1500 किमी लंबी धर्म पद में यात्रा में सभी को शामिल होकर सहयोग करने का मार्गदर्शन



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 19 फरवरी 2025 को अवधपुरी आगरा में विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय जैन और डिप्टी सीएमओ पियूष जैन द्वारा जिनबिम्ब स्थापना महोत्सव के लिए हरी झंडी दिखाकर आरंभ की गई भव्य घट यात्रा शोभायात्रा में भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

संगठन के अध्यक्ष संजय जैन ने विशाल धर्म सभा को संबोधित करते हुए आगरा को 16वी सदी के लाल किले या फतेहपुर सीकरी से प्रचारित किए जाने के साथ आगरा किले और नदी के बीच से पुरातत्व विभाग को खुदाई में प्राप्त 10वीं सदी की जैन तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा और जैन मंदिर के पिलर्स की जानकारी प्रचारित होनी चाहिए। सीकरी से भी 8वी से 11वी सदी की जैन प्रतिमाएं प्राप्त हुई थीं।

संजय जैन ने दिल्ली से 23 मार्च को आरंभ होकर वाया आगरा फिरोजाबाद नेमि जन्मस्थल शौरीपुर इटावा भिंड होकर 2 जुलाई 2025 को गिरनार जी पहुंचने वाली 101 दिवसीय 1500 किमी लंबी धर्म पद का उद्देश्य जैन सिद्धांतों, नेमिनाथ भगवान के जन्म से मोक्ष की जानकारी और अहिंसा शाकाहार आदि का प्रचार बताकर सभी को शामिल होकर तन मन धन से सहयोग करने का आह्वान किया।

पूज्य उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज ने आगरा सहित सकल जैन समाज को धर्म पद यात्रा में शामिल होकर पूर्ण सहयोग का मार्गदर्शन दिया।

मंच संचालक श्री मनोज जैन बांकलीवाल और संयोजक श्री अनन्त कुमार जैन, सह संयोजक प्रवीण जैन (पद्मावती) और आशु जैन बावा ने समस्त समाज का आह्वाहन करते हुए धर्म पद यात्रा को जन जन की यात्रा बनाने का आह्वाहन किया और आगरा में यात्रा के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री यश जैन, कोषाध्यक्ष मयंक जैन, सम्मानित सदस्य श्री अशोक जैन ने बताया कि आगरा के प्रसिद्ध समाजसेवी और श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रदीप जैन क्क्ष्ट से मिलकर उन्हें पद यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देकर मार्गदर्शन और सहयोग हेतु पत्र दिया। श्री प्रदीप जैन जी ने अपना बहुमूल्य समय देते हुए पद यात्रा की अनुमोदना करते हुए मार्गदर्शन दिया और पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया। धर्म सभा में उपस्थित आगरा सहित दूर दूर से आए अनेकों संस्थाओं, समाजों के गणमान्यों और श्रद्धालुओं ने धर्म पद यात्रा की अनुमोदना करते हुए नेमिनाथ भगवान की जय बोलते हुए हाथ उठाकर समर्थन दिया। अवधपुरी मंदिर कमेटी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों को पूर्ण सहयोग के आश्वासन के साथ सभी का सम्मान किया।

# 'नारायणी' ने वृद्धजनों के साथ मनाया स्थापना दिवस, संग्रहालय भी बढ़ा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सामाजिक-साहित्यिक क्षेत्र की अग्रणी संस्था नारायणी साहित्यिक संस्थान ने 19 फरवरी बुधवार को अपना 8वां स्थापना दिवस वृद्धजनों के साथ मनाया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. मृणालिका ओझा ने बताया कि ग्रास रूट सोसायटी द्वारा सुंदर नगर में संचालित प्रशामक देख-रेख गृह (वृद्धाश्रम) में मनाया। इस अवसर पर वृद्धजनों को न केवल भोजन कराया गया अपितु राशन सामग्री, डिशवॉश सहित संस्था में रहने वाले भवतोष, बुधराम जैसे अस्वस्थजनों के लिए चिकित्सकीय सामग्री भी प्रदान की गई। कैंसर यूनिट, मेकाहारा के पास संचालित चरामेति निःशुल्क भोज सेवा का आयोजन भी किया गया। विभिन्न भाषा बोलियों के संग्रहालय हेतु तेलुगू (इनाडु, आंध्र ज्योथि) एवं उर्दू भाषा के समाचार पत्र 'सियासत' सहित उर्दू लिपि में सिंधी भाषा के भजनो की पुस्तक 'रसालो सचल सरमस्त' भी प्राप्त हुई। ज्ञातव्य है कि इस संग्रहालय में 60 से ज्यादा भाषाओं के करीब 150 से कैलेंडर एवं अनेक भाषाओं के समाचार पत्र, पत्रिकाएं संग्रहित है। इस अवसर पर राजेंद्र ओझा, किशोर, हृषिक, किअंश, पार्थ एवं देख रेख गृह की ममता शर्मा, ज्योति आदि उपस्थित थे। -**राजेंद्र ओझा**

# एनआईटी रायपुर और सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बीच शैक्षिक सहयोग के तहत बीएमडीसी भिलाई में आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) रायपुर के बीच चल रहे शैक्षिक सहयोग के तहत 19 फरवरी 2025 को बीएमडीसी भिलाई में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एडवांस्ड डिजिटल इमेज प्रोसेसिंग आयोजित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य उद्योग और शैक्षिक संस्थाओं के बीच संबंधों को मजबूत करना और स्टील निर्माण क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी उन्नत तकनीकों का उपयोग करके कार्यकुशलता में वृद्धि करना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बीएसपी के विभिन्न विभागों से लगभग 30 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक (एनआईटी रायपुर) डॉ. एन वी रमना राव और कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं, बीएसपी) एस. मुखोपाध्याय द्वारा किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के वरिष्ठ प्रबंधन से मुख्य महाप्रबंधक (पावर फेसेलिटी, बीएसपी) राजीव पांडे, मुख्य महाप्रबंधक (ए एंड डी, बीएसपी) रविशंकर, मुख्य महाप्रबंधक (इलेक्ट्रिकल) कृष्ण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सी एंड आईटी) समीर गुप्ता भी उपस्थित रहे। इसके साथ ही, एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर डॉ. एस सान्याल और डॉ. एस. घोष भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम के दौरान, डॉ. एन वी रमना राव ने अकादमिक और उद्योग के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी उद्योग में नवाचार लाने और शैक्षिक अनुसंधान को औद्योगिक अनुप्रयोगों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। एस. मुखोपाध्याय ने इस बात पर प्रकाश डाला कि एआई के माध्यम से स्टील उत्पादन की गुणवत्ता, मेंटेनेंस और ऑटोमेशन में किस प्रकार सुधार किया जा सकता है।

# पुराने संघी नेता दिनेश ताम्रकार का निधन, सेनानी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**गौरेला पेंड्रा मरवाही (विश्व परिवार)।** जिले में शोक की लहर व्याप्त हो गई जब पता चला कि क्षेत्र के पुराने संघी नेता और लोकतंत्र सेनानी दिनेश ताम्रकार का 80 वर्ष की उम्र में देहावसान हो गया। दरअसल, दिनेश ताम्रकार जिले के सबसे पुराने संघ के नेताओं में सम्मिलित थे। जिन्होंने लंबे समय तक आरएसएस के जिला संघ चालक के पद पर रहते हुए संघ कार्य का विस्तार किया।

साथ ही उन्होंने आपातकाल के समय जेल में रहकर लोकतंत्र की रक्षा की और उस समय की तत्कालीन सरकार से लोहा लिया। उनके आसामयिक निधन से संयमसेवकों में भी काफी दुख का माहौल है। स्थानीय जिला पुलिस प्रशासन द्वारा उनके पार्थिव देह पर तिरंगा अर्पित किया गया। मुक्तिधाम में उन्हें पुलिस के जवानों के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। उनकी धर्मपत्नी को संयुक्त कलेक्टर दिलेराम डाहिरे के द्वारा सम्मान राशि का चेक दिया गया। ताम्रकार को उनके देश प्रेम, मातृभूमि की सेवा एवं जनकल्याण के लिए सदैव याद किया जाएगा। उनके अंतिम दर्शन में जिले के सभी संघ के नेता, भाजपा नेताओं सहित स्थानीय जन एवं पुलिस के आला अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### सरपंच चुनाव हारने के बाद मत पेटी छीनने का प्रयास

**कांकेर(विश्व परिवार)।** सरपंच चुनाव की समाप्ति के बाद हारे हुई प्रत्याशी के द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पीठासीन अधिकारी के साथ गाली गलौच कर मारपीट करने तथा मत पेटी को छीनने का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने पूर्व सरपंच को गिरफ्तार किया है वहीं मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 07.09.2024 को प्रार्थी अशोक गोटे पिता मनराखन लाल गोटे उम्र 46 साल निवासी बुढ़ादेव कालोनी चारामा थाना चारामा जिला कांकेर जो वर्तमान में शास.उ.मा.वि. भर्रीटोला में व्याख्याता एलबी के पद पर पदस्थ है का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में रिटर्निंग अफिसर कांकेर के आदेशानुसार मतदान सम्पन्न कराने के लिये पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान दल के साथ मतदान केंद्र पुसवाड़ा में दिनांक 17.02.2025 को सरपंच पद के प्रत्याशियों को मतो की संख्या बताने के बाद सरपंच पद की कम वोट प्राप्त प्रत्याशी रूखमणी कोसम ,रोहित नेताम, तोमेश यादव और उसके 40-50 साथियों द्वारा रात्रि करीब 8.30 से 10 बजे एक राय होकर मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मत पेटी छीनने की नियत से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर शासकीय कर्मचारियों पर प्रहार कर गाली गलौज कर मारपीट कर चोट पहुंचाने एवं शासकीय संपत्ती को क्षतिग्रस्त करने के संबंध में लिखित आवेदन पत्र पेश करने पर थाना कांकेर में धारा 191(2),191(3), 296,115(2), 221,121(1), 132,126(2), 127(2), 324(3), 309(6) बीएनएस, लोक संपति क्षति निवारण 1984 की धारा 3,4 के तहत अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया । प्रकरण में आरोपी घासीराम वटटी पिता स्व नथेरा राम वटटी उम्र 70 साल को दिनांक 19.02.25 को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। वहीं मामले के शेष नामजद आरोपियों का पतासाजी की जा रही है ।

### राजिम कुंभ कल्प में लगा सेल्फी जोन: पुराने जमाने की यादे हो रही ताजा

**गरियाबंद(विश्व परिवार) ।** राजिम कुंभ कल्प में कुलेश्वर महादेव मंदिर के पास संत समागम के सामने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजती तथा पुनर्जीवित कर उसके संरक्षण के लिए संकल्पित सेल्फी जोन आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जिसमें बच्चे से लेकर बुजुर्ग वर्ग के लोग भरपूर मनोरंजन करते नजर आ रहे है। साथ ही मेले में बिताए अपने हर पर को यादगार बनाने के लिए वहां के हर एक सामग्री के साथ सेल्फी लेकर उसे अपने कैमरे में कैद कर रहें है। सेल्फी जोन ग्रामीण जीवन शैली पर आधारित बनाया है जहां बैलगाड़ी की तरफ सबसे ज्यादा भीड़ है। लोग किसान का वेश पहनकर सेल्फी ले रहे हैं। इस सेल्फी जोन में सभी पुराने गहने और वेशभूषा संग्रहित है। स्टाल में पर्रा, टोकरी, पारंपरिक गहने बिछिया, करधन, सुता ऐठी, सुर्रा, किला साडी, खुमरी, राउत वेशभूषा आदि छत्तीसगढ़ी आभूषण लोगो के बीच कौतुहल का विषय बना हुआ है। सेल्फी जोन की संचालिका गिनिज बुक आफ वर्ड रिकार्ड (बायो आर्ट) एवं तीन बार सीएम अवार्ड से सम्मानित रानी निषाद ने बताया कि आधुनिक पीढ़ी को अपनी संस्कृति की पहचान कराने के लिए यह सेल्फी जोन बनाया गया है। जोन में युवक, युवतियों और महिलाओं के लिए अलग अलग वस्त्र और आभूषण रखे गए है। युवकों के लिए भी धोती, जैकेट, कलगी , सुता , खुमरी , राउत डंडा संग्रहित किया गया है। वहीं युवतियों और महिलाओं के लिए भी विभिन्न प्रकार के पारंपरिक गहने और वस्त्रों का संकलन रखा गया है।

# माता परमेश्वरी की पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई

**जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)।** संजय नगर में माता परमेश्वरी की भव्य पूजा-अर्चना के उपरांत शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता के जयकारों और भक्तिमय माहौल के बीच यह शोभायात्रा संजय नगर से प्रारंभ होकर हनुमान चौक से मां समलेश्वरी मंदिर पहुंची, जहां पूजा अर्चना करके शोभायात्रा कलश लेकर कदम चौक चौपाटी होते हुए मंझली तालाब पहुंची। वहां विधिवत जल भरने की रस्म पूरी की गई और फिर शोभायात्रा पुनः लायंस चौक कोरवा पारा होते हुए वापस संजय नगर लौटी। इस धार्मिक आयोजन के तहत 19 फरवरी को प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। संजय नगर के संतोष देवांगन के यहां से माता परमेश्वरी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ दिन की शुरुआत हुई। भजन-



कीर्तन और श्रद्धालुओं की भीड़ से संजय नगर का माहौल भक्तिमय बन गया। जैसे ही शोभायात्रा प्रारंभ हुई, भक्तगण जय मां परमेश्वरी के जयकारे लगाने लगे। पूरे मार्ग को सफाई की गई थी, जहां सफेद पट्टी भी लगाई गई थी। द्वारों को सजाया गया। शोभायात्रा में देवी की सजीव झांकी आकर्षण का केन्द्र रही, जिसमें माता परमेश्वरी को भव्य रूप में सजाया गया था। ढोल-नगाड़ों की गूंज, शंखध्वनि और भक्तों के उत्साह से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। विभिन्न मार्गों पर स्थानीय लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल व प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। मंझली तालाब में जलभराई की रस्म निभाई शोभायात्रा मंझली तालाब पहुंचने पर जलभराई की परंपरा निभाई गई। भक्तों ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ जल अर्पित किया और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान भी संपन्न हुए। जलभराई के पश्चात शोभायात्रा पुनः संजय नगर की ओर प्रस्थान कर वापस मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। पूरे धार्मिक अनुष्ठान के बाद भक्तों के लिए कल विशेष प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

## एसजीएफआई नेशनल गेम्स के मेडलिस्ट खिलाड़ियों का कलेक्टर संबित मिश्रा ने किया सम्मान



**बीजापुर(विश्व परिवार)।** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में सॉफ्टबॉल अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 नेशनल गेम्स का आयोजन महाराष्ट्र के जलगांव और औरंगाबाद में हुआ था, जिसमें अंडर 14 गर्ल्स टीम छत्तीसगढ़ प्रदेश को सिल्वर मेडल अंडर 17 बॉयज में सिल्वर मेडल और अंडर-19 बॉयज में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ है। अंडर 14 गर्ल्स में अनुराधा कोवासी, स्मिता मारपल्ली और त्रिवेणी मारपल्ली वहीं अंडर 17 बॉयज में संजय ताती और अंडर-19 में राकेश कड़ती शामिल थे। अनुराधा ने अब तक 5 नेशनल खेले हैं वहीं संजय ने 6 नेशनल और राकेश कड़ती ने अब तक 13 नेशनल और 1 इंटरनेशनल खेला है। कलेक्टर संबित मिश्रा ने मेडलिस्ट खिलाड़ियों को सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान अकादमी के प्रभारी डिप्टी कलेक्टर नारायण प्रसाद गवेल एवं अंतर्राष्ट्रीय कोच जिले के श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार मौजूद थे। वहीं सीनियर नेशनल खेलने प्रदेश की सॉफ्टबॉल टीम 21 को रायपुर रेलवे स्टेशन से अमरावती के लिए रवाना होगी प्रदेश की टीम में बीजापुर से रेणुका तेलम, विमल तेलम, ज्योति हेमला और चंद्रकला तेलाम वही बॉयज में भूपेंद्र हेमला शामिल है प्रदेश की सॉफ्टबॉल महिला टीम के कोच का दायित्व सोपान कर्णेवार को दिया गया है।

## राजिम कुंभ कल्प मेला में विभिन्न विभागों की लगी प्रदर्शनी

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राजिम कुंभ कल्प मेला में नवीन मेला स्थल पर गरियाबंद जिले के विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई है। मुख्य मंच के समीप बने विशाल डोम में विभिन्न विभागों के लगे प्रदर्शनी में कई जानकारियां लोगों को मिल रही है। शिक्षा विभाग के स्टॉल में नवाचारी शिक्षा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को दर्शाया गया हैं। प्रदर्शनी के माध्यम से खेल-खेल में ज्ञानार्जन प्राप्त करने के माध्यमों को विस्तार पूर्वक बताया जा रहा है। यह शिक्षा का सबसे अच्छा माध्यम हो सकता हैं। उद्यानिकी विभाग की प्रदर्शनी को बहुत ही सुंदर ढंग से सजाया गया है जिसमें रंग- बिरंगी फूलों की बागवानी अत्यंत ही मनमोहक दिख रही हैं। वहीं फसल उत्पादन के लिए किसान, बीज और कृषि भूमि का सुंदर समन्वय किया गया हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाल में काननू और सड़क सुरक्षा संबंधित जानकारीयां दी जा रही है। इस स्टॉल में सड़क सुरक्षा को लेकर सेल्फी जोन भी बनाया गया है। जिसमें कई मेलार्थि सेल्फी लेकर जागरूक हो रहे हैं। हस्तशिल्प कला केन्द्र की प्रदर्शनी में हाथ से बने सुंदर कुर्सी, चटाई, पेन स्टैंड, पाटा और सोफे आदि बनाएं गए हैं जो बहुत ही आकर्षक दिखाई दे रहा है। इसी तरह कोसा उद्योग में कोसा बनाने की विधि को बताया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न वैरायटी के कोसा की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जल संसाधन विभाग की प्रदर्शनी में त्रिवेणी संगम में बारहमासी जल भराव, नौका विहार एवं वाटर स्पॉट्स, राजिम एवं नवापारा हेतु सहकारिता जल प्रदाय के लिए प्रस्तावित राजिम बैराज परियोजना का जीवंत मॉडल बनाया गया हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग में महिला सुरक्षा हेतु विभिन्न जानकारीयां मिल रही हैं। बिहान रसोई में छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाया जा रहा है, जिसका स्वाद मेलार्थी बड़े ही चाव से ले रहे हैं। पशुधन संरक्षण विभाग में मछली पालन के विभिन्न उपाय दर्शाए गए हैं।

### हैंग चैलेज खेल युवाओं को कर रहा आकर्षित

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राजिम कुंभ कल्प मेला में मनोरंजन के भरपूर साधन आए हुए हैं। नवीन मेला मैदान में मीना बाजार के अलावा मेला स्थल क्षेत्र में कई प्रकार के चैलेंजिंग गेम्स भी लगे हुए हैं, जो मनोरंजन के साथ इनाम पाने का अच्छा मौका दे रहे है। इन्ही में मेला स्थल में अलग अलग जगहों पर हैंग चैलेंज लगाया गया है, जिसमें दो मिनट तक लटके रहने पर एक हजार रुपए का इनाम दिया जा रहा है। दुकानदार ने बताया कि प्रतिभागी को मात्र 100 रुपए देकर दो मिनट तक लोहे के हैंगर में लटकना होगा। यदि वह चौलेंज पूरा कर लेता है, तो उसे एक हजार रुपए इनाम के तौर पर दिया जाता है। इस खेल में युवाओं की अच्छी खासी भीड़ देखी जा रही है। मेला में आया हर युवा एक बार यहां रूककर खेल जरूर देख रहा है। इसमें कोई चौलेंज स्वीकार करता, तो कई युवक ट्राई करके छोड़ देते हैं। मेले में कई जगहों में लगा राउंड सेल्फी जोन लोगों को काफी लुभा रहा है। यहां हर वर्ग के लोग अपने मनपसंद गानों के साथ सेल्फी वीडियो (रील) बना रहे हैं।

## कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ली समय-सीमा की बैठक, जनदर्शन के आवेदनों पर प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में शासन की योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने समय-सीमा में तथा जनदर्शन में लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी किसानों के पंजीयन के निर्देश दिए। इसके माध्यम से कृषकों को शासन की



योजनाओं का लाभ पारदर्शी ढंग से मिल पाएगा। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना के तहत पोर्टल में एंट्री कार्य में भी प्रगति सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सहकार से समृद्धि योजना के तहत सहकारी समितियों के गठन की प्रगति पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिक से अधिक समितियों के गठन हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीणों की आय में वृद्धि हो सके। कलेक्टर ने जिले में नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के लिए सभी विकासखण्डों में नियमित रूप गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को दिए गए। साथ ही जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की गई, जिसमें कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित आवेदनों के निराकरण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए।

# माकड़ी हॉस्पिटल मे पदस्थ डॉक्टर की घोर लापरवाही आई सामने

### पोस्टमार्टम के बगैर शव को भेजा गांव फिर ग्रामीण शव को लेकर पहुंचे माकड़ी थाना

**कोंडागांव(विश्व परिवार)।** माकड़ी ब्लॉक के तमरावण्ड के पास खुटबेडा जंगल मे गाड़ी मे लकड़ी लोड करने के दौरान मजदूर के ऊपर भारी लकड़ी गिर गया जिससे मजदूर चमरा राम नेताम के सिर मे गंभीर चोट आई जिसे साथी मजदूरों ने तत्काल माकड़ी अस्पताल पहुंचाया जहाँ पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया और बकायदा शव वाहन की व्यवस्था कर शव को घर रवाना कर दिया।मजदूर चमरा राम नेताम कोंडागांव के समीप बफ्ना ग्राम का निवासी है जिसके चलते शव को गृहग्राम पहुंचने मे लगभग एक घंटे लग गए घर मे मातम पसरा रहा परन्तु



मौजूद जनों ने जागरूकता का परिचय देते हुए शव के पोस्टमार्टम न होने का कारण जानना चाहा साथी मजदूरों ने बताया की अस्पताल से ही लेकर आये हैँ इस प्रकार की कोई बात डॉक्टर ने नहीं कही तभी मौजूद जनों



ने फोन से इधर उधर बात किये पोस्टमार्टम न कराने मामला दर्ज न कराने टाल मटोल होता रहा फिर पुनः शव को बफ्ना से माकड़ी ले जाकर थाने मे एफआईआर कराकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया।सम्पूर्ण घटना मे ड्यूटी मे मौजूद डॉक्टर सतीश नायक की घोर लापरवाही प्रदर्शित होती है चुंकि एक छोटी सी घटना मे पुलिस कार्यवाही का हवाला देकर डॉक्टर स्वयं को पाक साफ दिखाते हैँ तो इतनी बड़ी घटना मे बिना रिपोर्ट के बिना पोस्टमार्टम के कैसे शव को सुपुर्द किया गया???कहीं न कहीं वाहन मालिक और डॉक्टर की सांठ गांठ है ऐसा प्रतीत होता है,चुंकि वाहन मालिक नरेन्द्र ब्रम्हानी एक बड़े व्यवसायी है ऐसे मे कहीं न कहीं मामले को दबाने के नियत से ऐसा किया गया है अगर नहीं होता तो बिना पोस्टमार्टम के शव को क्यों छोड़ा जाता मामला एक मजदूर के जीवन का है जो की शासकीय कार्य मे लगे वाहन मे लकड़ी लोड कर रहा था ऐसी स्थिति मे मुआवजा मिलना तो तय है पर बिना जाँच पड़ताल के कैसे मिल पायेगा और अगर ऐसे गैर जिम्मेदाराना डॉक्टर सेवा देंगे तो क्या होगा हमारे क्षेत्र के भोले भाले जनता का।यह घटना तकरीबन 11.30 -12 बजे की है परन्तु शव को माकड़ी से बफ्ना लाने पुनः माकड़ी जाकर पोस्टमार्टम कराकर पुनः बफ्ना लाने मे रात के 8 बजे गए और 8 बजे अंतिम संस्कार किया गया।परिजन सहित ग्रामीणों ने डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। क्या कहते हैँ डॉक्टर साहब- ड्यूटी मे मौजूद डॉक्टर सतीश नायक से फोन के माध्यम से मामले के बारे मे पूछने पर कहा ज़ब मजदूर को अस्पताल पहुंचाया गया तब तक मौत हो गयी थी मामला फारेस्ट से जुडा था और मेरे पास फॉरेस्ट का नंबर नहीं था इसलिए शव वाहन की व्यवस्था कराकर शव को घर भेज दिया।

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025



## दुर्ग-टूंडला-दुर्ग कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-03 कोच प्रावधान

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेलवे प्रशासन द्वारा कुंभ मेला जाने वाले ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 08769/08770 दुर्ग-टूंडला-दुर्ग कुंभ स्पेशल एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है 7 यह सुविधा गाड़ी संख्या 08769 दुर्ग-टूंडला कुम्भ स्पेशल में दिनांक 21 फरवरी 2025 को तथा गाड़ी संख्या 08770 टूंडला-दुर्ग कुम्भ स्पेशल में दिनांक 22 फरवरी 2025 को उपलब्ध रहेगी।

# धर्म करो, जवानी में बुढ़ापा किसने देखा है : मुनि श्री सुयश सागर जी महाराज

**रायपुर (विश्व परिवार)।** युवावस्था में जोश और शक्ति,सामर्थ कुछ अलग ही होता है,विरले ही जीव होते है जिनकी वृद्धावस्था में भी इंद्रियाँ काम करती है उपरोक्त उदगार फाफाडीह दि. जैन मंदिर में आचार्य रविसेन महाराज द्वारा विरचित ग्रंथ पद्मपुराण का स्वाध्याय कराते हुये आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री सुयश सागर महाराज ने प्रात:कालीन धर्म सभा में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि जीवन में कुछ करो या न करो लेकिन एक बार पद्मपुराण ग्रंथ का स्वाध्याय प्रत्येक व्यक्ति को अवश्य करना चाहिये जिससे प्रत्येक व्यक्ति लोक व्यव्हार और लोक नीति सीख और समझ जाता है, मुनि श्री ने कहा कि जब तक शरीर में वल है तभी तक आपको अपने सभी पूंछ रहे है,जैसे जैसे शरीर शिथिल होता जाता है बैसे बैसे मन का उत्साह भी घटता चला जाता है,और फिर आपके पड़ोसी तथा मित्र भी कन्नी काटने लगती है इसलिये युवाओं सुनो इस युवापने पर कभी घमंड मत करना आपने इस शरीर की खूब सेवा सुश्रुषा की खूब पोषण किया, सुगंधित तेल उवटन लगाये क्या फिर भी यह शरीर बैसा ही है,जैसे आप चालीस साल पहले थे? मुनि श्री ने कहा कि शरीर एक पानी की बूंद के समान है,यह कब मिट जाऐगा पता भी नहीं चलेगा

इसलिये कहा गया है धर्म कर लो जबानी में बुड़ापा किसने देखा है।उन्होंने कहा कि यह संसार है,आपको दिखता है कि यह हमसे प्रेम करता है लेकिन जब संकट आता है,तो सबसे पहले वह अपना ही साथ छोडकर भागता है,वह खुद के प्राण बचाता है दूसरों के प्राणों की परवाह नहीं करता, कितना भी क्रूण से क्रूण प्राणी हो जब तक उसके प्राणों पर कोई हमला नही करता,वह शांत बना रहता है लेकिन अपने प्राणों की बात आते ही वह लोक व्यव्हार और समस्त रिस्ते नाते सब कूछ भूल जाता है।

### अपना ही शरीर जब आपका साथ नहीं दे पा रहा है तो किस पर विश्वास करें? : मुनिश्री

अपने कर्म पर विश्वास करना और हमेशा विनम्रता को बनाये रखना जो नम्र होता है उसके सभी मित्र होते है और जो नम्र नहीं होता उसका सभी साथ छोड़ देते है इसलिये कहा है कि समय सभी को झुका देता है, सबके दिन एकसे नहीं होते और सब दिन एक से नहीं होते इसलिये जब तक आपका शरीर साथ दे रहा है तब तक अपनी आत्मा का भला कर लो,वृद्धावस्था पके हुए फल के समान है,कब यमराज रूपी हवा का झौका आ जाऐ और उसकी लीला समाप्त हो जाऐ ,धरम कर लो जबानी में बुड़ापा किसने देखा है। आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज ने लिखा है प्रातः की भी लाली होती संध्या की भी लाली, एक उठाने बाली होती एक सुलाने बाली आचार्य श्री कहते है कि सबके दिन एकसे नहीं होते सब दिन एक से नहीं होते मुनि श्री ने कहा कि आपने अपने बच्चों की इतना अधिक भी मत पड़ाना कि वह नोट कमाने में तथा बहुरानी की सेवा में ही लगा रहे और आप यंहा डोकर डोकरी पड़े रहो पिताजी ने बेटे को फोन लगाया मेरा स्वास्थ्य खराब है मेरे पास आ जाओ बेटा ने कहा कि पिताजी कंपनी से छुट्टी नहीं मिल रही और वह पिता इस संसार को छोड़ चल देता है पड़ोसी ने फोन लगाया और सूचना दी तो उसने कहा कि हम आकर क्या करेंगे आप ही उनकी क्रिया कर्म कर देना हम यंहा से सभी व्यवस्था कर भेज देंगे। मुनि श्री ने कहा कि जो व्यक्ति अपने शरीर की क्षणभंगुरता को समझ लोगे तो जीवन जीने की कला जो सीख जाता है वही अपने जीवन को सम्हाल पाता है।



मुनि श्री ने एक सत्य घटना सुनाते हुये कहा कि एक स्थान पर नदि के किनारे बंदरिया अपने बच्चे को गोद लिये बैठी थी बाड़ का पानी धीरे धीरे बड़ता रहा था जब पानी उसके शरीर से टच होंने लगा तो जिस बच्चे से उसे प्यार था उसे छोड़ दिया और उसके ऊपर खुद खड़ी हो गईमुनि श्री ने कहा कि यह संसार है,यंहा दिखता है कि हमें तुमसे तुम्हें हमसे प्यार है लेकिन वह प्यार तभी तक कायम रहता है जब तक आपका स्वार्थ है।

मुनि श्री ने कहा कि उत्तम उत्तम भोगों से लाड़ किया था वह सब आपके कुमित्र के समान है उन्होंने मित्र सुमित्र और कुमित्र की चर्चा करते हुये कहा मित्र वही होता है जो अशुभ समय हो या दु:ख का समय में कभी आपका साथ नहीं छोड़ता अशुभ और अनचाहे पलों में आपका सारथी बनकर खड़ा रहता है मुनि श्री ने कहा कि हड़िया के ढक्कन के समान मित्र मत बनना हड़िया की पेंदी के समान मित्र बनना जो कि आपके संकट के समय भी साथ नहीं छोड़े। उक्त जानकारी फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष अरविंद बड़जात्या, कोषाध्यक्ष पवन जैन रारा, महामंत्री सुरेश पटनी द्वारा संयुक्त रूप से प्रदाय की गई। -**अविनाश जैन**

# भीम आर्मी प्रदेश इकाई द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार मामले में सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को नि:शर्त रिहाई देने एवं केस वापस लेने के संबंध में आज भीम आर्मी प्रदेश इकाई द्वारा मुख्यमंत्री निवास घेराव का आयोजन किया गया था जिसमें भीम आर्मी संस्थापक और उत्तर प्रदेश के नगीना सीट से सांसद चंद्र शेखर आजाद भी शामिल होने वाले थे पर उन्हें अनुमति ही नहीं मिली और उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर ही रोक दिया गया। उनकी अनुपस्थिति में प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मनोज बंजारे, प्रदेश प्रभारी सुनील बरसिया एवं भीम आर्मी के समस्त प्रदेश पदाधिकारी संजू धृतलहरें, तुलेश महंत, हेमंत आडील, देवेन मरिसा, डॉ खिलन साहू आदि के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज आउटडोर स्टेडियम बुढ़ापारा में विशाल आमसभा की गई जिसमें प्रदेश भर से भारी संख्या में भीम आर्मी के सदस्य तथा सतनामी समाज के लोगों ने युवा, बुजुर्ग, महिलाओं सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को नि:शर्त रिहाई देने एवं केस वापस लेने की मांग की गई।

श्री मनोज बंजारे ने कहा कि सतनामी समाज हमेशा से ही गुरु घासीदास बाबा के बताए मार्ग का अनुसरण करता रहा है और किसी भी प्रकार से हिंसा का समर्थन नहीं करता। समाज के भोले लोगो को एक षड्यंत्र के तहत इसमें फंसाया गया है। अत:शासन से उनकी मांग थी कि जेल में बंद सतनामी समाज के निर्दोष लोगों को नि:शर्त रिहाई दी जाए, और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और वास्तविक दोषियों को सजा दिलाई जाए।

इसी मांग को लेकर आज सारे लोग एकत्रित हुए थे और मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रहे थे। शासन की ओर से सीएम हाउस से एक टीम भेजी गई थी जिनको भीम आर्मी एवं समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द न्याय की मांग की।

# द.पू.म. रेलवे जोनल पीएनएम बैठक का आयोजन महाप्रबंधक तरुण कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न



**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में दिनांक 19 एवं 20 फरवरी, 2025 को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई। पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शों के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है। इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता श्री तरुण कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने की। बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक श्री तरुण कुमार ने मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मजदूर कांग्रेस यूनियन द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर ज़ोर देते हुए उन्होने सभी को आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। साथ ही उन्होने बैठक में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के तुरंत निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. दर्शनिता बी. अहलुवालिया ने भी मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए रेल कर्मचारियों के कल्याण कार्यो में उनकी सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : पति-पत्नी दोनों बने सरपंच, यहां से सामने आया अनोखा चुनावी नतीजा



**गरियाबंद (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में एक अनोखा नतीजा सामने आया है, जिसने सबको चौंका दिया है। दरअसल मैनपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुड़ागांव में हलमंत ध्रुवा सरपंच निर्वाचित हुए हैं, जबकि उनकी पत्नी ललिता ध्रुवा पड़ोसी गांव दाबरीगुड़ा की सरपंच बनी हैं।

हलमंत ध्रुवा की पुश्तैनी जमीन मुड़ागांव पंचायत में स्थित है, वहीं दाबरीगुड़ा उनकी पत्नी ललिता का मायका है। हलमंत पिछले 25 वर्षों से अपनी पत्नी के साथ दाबरीगुड़ा में रह रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों ही अलग-अलग पंचायतों से सरपंच बनने में सफल रहे। निर्वाचन आयोग द्वारा भी इसमें किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं पाई गई, जिससे दोनों को निर्विरोध चुनाव लड़ने और जीतने का अवसर मिला।

**पंचायत राजनीति में मजबूत पकड़ :** हलमंत ध्रुवा लंबे समय से पंचायत राजनीति में सक्रिय हैं और उन्होंने दोनों पंचायतों में मजबूत पकड़ बना रखी है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी उनके नेतृत्व को स्वीकार करते हुए उन्हें अपना समर्थन दिया। यह प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश का यह पहला विकासखंड होगा, जहां एक साथ रहने वाले पति-पत्नी को दो अलग-अलग पंचायतों की जनता ने कमान खुशी खुशी सौंप दिया है।

**पहली पत्नी भी दो बार रह चुकी थी सरपंच :** हलमंत ध्रुवा की एक और पत्नी थी सुशीला देवी, जिनका निधन 4 माह पहले हुआ है। सुशीला मुड़ागांव से दो बार सरपंच चुनी थी। एक बार की जिला पंचायत सदस्य भी रही। लघु वनोपज संस्था में भी निर्वाचित होती आई थी। लघुवनोपज संस्था की राष्ट्रीय समिति की सदस्य भी रही। बीमारी के चलते 4 माह पहले सुशीला देवी का निधन हो गया।

# सीएम विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21 फरवरी) के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान इसकी समृद्ध भाषायी विरासत और बहुभाषी संस्कृति में निहित है। छत्तीसगढ़ी, गोंडी, हल्बी, सरगुजिया, कुड़ुख, भतरी सहित अनेक लोकभाषाएँ यहां की सांस्कृतिक आत्मा को संजोए हुए हैं। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस हमें अपनी मातृभाषाओं के संरक्षण, संवर्धन और विकास के प्रति जागरूक करता है। मातृभाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारे समाज की जड़ों से जुड़ने का सेतु भी है।

# कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने अच्छे उद्देश्य के लिए रक्तदान किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** हाल ही में कलिंगा विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण डीन ने गुड होप ब्लड सेंटर के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर के मेडिकल सेंटर में रक्तदान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन कलिंगा विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ. बायजू जॉन ने रिबन काटकर किया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, प्रभारी छात्र कल्याण डीन, डॉ. ए विजयानंद चीफ प्रॉक्टर, डॉ. नूरेश खुटे, सहायक डीन एकेडमिक अफेयर्स सह सहायक प्रोफेसर मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग, डॉ. रुचि चंद्राकर, सहायक डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर्स सह सहायक प्रोफेसर सिविल इंजीनियरिंग विभाग, श्री शेख अब्दुल कादिर, उप डीन छात्र कल्याण, सुश्री निकिता जोशी, सहायक डीन छात्र कल्याण, सुश्री सुमन चौहान स्टाफ नर्स, सुश्री स्नेहा महतो और अन्य उपस्थित थे।

लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर, डॉ. ए विजयानंद और उनकी टीम ने रक्तदान शिविर का सफल संचालन किया। जरूरतमंद व्यक्तियों के जीवन को बचाने के उद्देश्य से कलिंगा विश्वविद्यालय के उत्साही संकायों और छात्रों द्वारा दिन भर चले शिविर में कुल 65 यूनिट रक्तदान किया गया। गुड होप ब्लड सेंटर की टीम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी वी बघेल, लैब-टेक्नीशियन श्री हितेश चंद्राकर, श्री उधो राम पार्कर, श्री राम नारायण साहू, श्रीमती शरतिला साहू, सुश्री खुशबू साहू, डॉ. धनंजय साहू और श्री योगेश सिन्हा शामिल थे।

रक्तदान के बाद सभी रक्तदाताओं को उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए जलपान, उपहार और भागीदारी प्रमाण पत्र दिए गए। यह प्रमाण पत्र एक विशेषाधिकार कार्ड के रूप में काम आएगा, जो उन्हें जरूरत पड़ने पर रक्त प्राप्त करने में मदद करेगा। कलिंगा विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए। कुछ छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया और वे एक नेक काम के लिए रक्तदान करके खुश थे। लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर और डॉ. ए विजयानंद द्वारा डॉ. डी वी बघेल और श्री हितेश चंद्राकर को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, जिन्होंने मधुबनी स्टेशन पर रेलवे संपत्ति को पहुंचाया नुकसान

### दोषियों की पहचान के लिए आरपीएफ की विशेष टीम गठित

### रेलवे यात्रियों से अपील करता है कि वे रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने से बचें

**रायपुर (विश्व परिवार)।** 10 फरवरी 2025 को, मधुबनी रेलवे स्टेशन पर 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (जयनगर-नई दिल्ली) के एसी कोचों की 73 कांच की खिड़कियों को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया, जिससे यात्रियों में दहशत और अफरा-तफरी मच गई। इस तोड़फोड़ की घटना के मद्देनजर, रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्व मध्य रेलवे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रेल अधिनियम की धारा 145(बी), 146, 153 और 174(ए) के तहत अपराध संख्या 168/2025 दर्ज किया।

दोषियों की पहचान के लिए आरपीएफ की एक विशेष टीम गठित की गई। विशेष टीम द्वारा की गई जांच के दौरान, स्रोतों से मिली जानकारी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एक किशोर की पहचान की गई और उसे गिरफ्तार किया गया। उसने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की और पछतावा व्यक्त किया। इस मामले की जांच सक्रिय रूप से जारी है ताकि अन्य दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। आरपीएफ रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

रेलवे संपत्ति राष्ट्रीय संपत्ति है और इसे नुकसान पहुंचाना अवैध है। आरपीएफ ने राज्य सरकार और जीआरपी अधिकारियों के साथ समन्वय कर आवश्यक सुरक्षा उपाय किए हैं ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और रेलवे अवसंरचना की रक्षा की जा सके।

यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ, आरपीएफ ऐसे अवैध कार्यों में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए भी संकल्पबद्ध है। रेल प्रशासन आम जनता से अपील करत हैं कि वे अवैध गतिविधियों और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कार्यों से दूर रहें।

# बालाजी विद्या मंदिर, ज्ञान का आध्यात्मिक मंदिर : कुलपति पत्रकारिता विश्वविद्यालय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री बालाजी विद्या मंदिर, ज्ञान का आध्यात्मिक मंदिर है जहां विद्यार्थियों को सेवा अनुशासन के साथ ही वैल्यू एडिशन की शिक्षा दी जा रही है। उक्त उदगार कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रोफेसर बलदेव भाई शर्मा ने व्यक्त किया। अवसर था बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी ने भी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर आंध्रा एसोसिएशन के अध्यक्ष जी. स्वामी संयुक्त सचिव एम. श्रीनिवास राव कार्यकारिणी के सदस्य एल. रुबेश राव, शाला की प्राचार्या डॉ फ्रेनी जय प्रकाश के साथ शाला के टीचर्स भी उपस्थित थे।

प्रो शर्मा ने अपने आशीर्वचन में छात्रों से कहा कि आज आनंद का अवसर है। आप उत्तीर्ण होकर कॉलेजों में जाएंगे तो शाला की विरासत हमेशा आपके साथ रहेगी। ज्ञान के साथ जीवन में संस्कार, अनुशासन एवं आध्यात्मिकता का होना बहुत आवश्यक है। अनुशासन जीवन की दिशा बदल देता है।आपने कहा कि पढ़ाई को गंभीरता से लेते हुए अपने जीवन को गुण संपन्न बनाए।

संस्था के अध्यक्ष श्री जी. स्वामी ने छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अनुशासन जीवन में बहुत बड़े परिवर्तन करता है। स्काउट्स एंड गाइड्स, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्टीय खेल प्रतियोगिता, जूनियर एडीटिंग, कत्थक नृत्य जैसी विधाओं में अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान किया गया। बारहवीं के समस्त छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं संगीत शिक्षक रजत दत्ता के नेतृत्व में छात्राओं ने सुमधुर गीतों की सुंदर प्रस्तुति दी। शाला की परम्परा अनुसार मास्टर इवनिंग समीर चौहान, मिस इवनिंग कु मेघा नारंग, मास्टर बालाजियंस यश चौहान, मिस बालाजियंस कु भूवि गंगवानी को चुना गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कु. चयनिका देवांगन, श्रेया दीक्षित, फलक चौहान एवं वंदना निर्मलकर ने किया। ज्ञान माखीजा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# अवैध रूप से मवेशी परिवहन करते 01 अंतर्राज्यीय सहित कुल 04 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** दिनांक 19.02.25 को थाना माना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति चारपहिया वाहन के पीछे डाला में मवेशी भरकर परिवहन करते माना की ओर आ रहे है, कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी माना के नेतृत्व में थाना माना पुलिस की टीम द्वारा आरोपियों को पकड़ने हेतु टेमरी सिग्नल के पास नाकेबंदी पाईंट लगाया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों द्वारा वाहन को आता देखकर रूकवाया गया। वाहन के अंदर 04 व्यक्ति सवार थे, जिन्होंने पूछताछ में अपना नाम विकास कुमार वर्मा, संतोष यादव, शेष नारायण यादव एवं खो़रबहारा यादव होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा वाहन के पीछे जाकर देखने पर पाया गया कि डाला तिरपाल से ढ़का हुआ था, तिरपाल को खोलकर देखने पर डाला में मवेशी थे। मवेशियों के संबंध में पूछताछ करने व परिवहन करने के संबंध में उक्त व्यक्तियों से वैध दस्तावेज की मांग करने पर व्यक्तियों द्वारा लगातार पुलिस को गुमराह करने का प्रयास करते हुये किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिस पर आरोपी विकास कुमार वर्मा, संतोष यादव, शेष नारायण यादव एवं खो़रबहारा यादव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 नग मवेशी तथा घटना में प्रयुक्त अशोक लिलैंड वाहन क्रमांक सी जी 04 एन पी 9077 को जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना माना में अपराध क्रमांक 54/25 धारा 11(1) घ पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करने के साथ ही आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत् भी कार्यवाही किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

विकास कुमार वर्मा पिता मां लखन वर्मा उम्र 26 साल निवासी कबीर आश्रम के पास वार्ड नंबर 04 चौरंग थाना सिमगा जिला बलौदा बाजार। संतोष यादव पिता लालाराम यादव उम्र 47 साल निवासी यादव मोहल्ला वार्ड नंबर 08 लिटिया दादर थाना बागबाहरा जिला महासमुंद। शेष नारायण यादव पिता गिरवर यादव उम्र 32 साल निवासी ग्राम लालपुर शिव मंदिर के पास बागबाहरा जिला महासमुंद। खो़रबहारा यादव पिता पुहुप राम यादव उम्र 39 साल निवासी वार्ड नंबर 02 हाथी सर अहीर पर तार बोर्ड थाना तारबोड़ जिला नवापाड़ा ओडिशा।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354